AMBIKAPUR 26 APRIL 2024_Layout 2 4/25/2024 11:23 AM Page 1

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-174 शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी और राहुल गांधी को चुनाव आयोग का नोटिस

**ईसीआई ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों पर शासन करने के लिए पहले कदम के रूप में पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया**

## चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जिम्मेदार माना




ये शिकायतें मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने कहा, अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, खास तौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में। ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

### चुनावी भाषण को लेकर 29 अप्रैल तक मांगा जवाब

**नई दिल्ली,25अप्रैल 2024(ए)।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आचार संहिता उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।




चुनाव आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों के व्यवहार के लिए पार्टी के अध्यक्षों को जिम्मेदार लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी के खिलाफ एमसीसी के आरोपों के उल्लघंन के लिए चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा है। कमीशन ने कहा कि ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

### चुनाव आयोग आप नेता आतिशी को भी नोटिस भेज चुका है

चुनाव आयोग ने 5 अप्रैल को आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी सिंह को भी नोटिस जारी किया था। आतिशी ने कहा था कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऑफर मिला था और ऐसा नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी दी गई थी। चुनाव आयोग ने इसकी सच्चाई पर सवाल खड़े किए थे।तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसे लेकर भी चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा था। कांग्रेस के गणेश गोदियाल और रघुबीर सिंह कदियान को भी चुनाव आयोग नोटिस भेज चुका है।

### राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने दी शिकायत

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपनी रैलियों में भाषा और शब्दों के इस्तेमाल को लेकर इलेक्शन कमीशन में शिकायत दर्ज कराई थी। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने तमिलनाडु में भाषा के आधार पर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि राहुल गांधी अपने भाषणों में भाषा के आधार पर उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी लिखित शिकायत में राहुल गांधी पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी।

### लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जारी हुए नोटिस

भारत में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले कैंडिडेट्स के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में डिफाइन किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर कैंडिडेट को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है।

### पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत

पीएम मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। साथ ही पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखा है कि सरकार बनने पर मां-बहनों के गोल्ड का हिसाब करेंगे और उसकी जानकारी लेंगे। केवल इतना ही नहीं, पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम मोदी की इस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन से शिकायत की थी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

## संक्षिप्त खबर



### पटना रेलवे स्टेशन के पास होटल में लगी आग

**जिंदा जल गए 6 लोग, जान बचाने के लिए लोग होटल से कूदे**

**पटना,25अप्रैल 2024 (ए)।** बिहार की राजधानी पटना में वीरवार को भीषण अग्निकांड हो गया। यह अग्निकांड रेलवे जंक्शन के सामने पाल होटल की बिल्डिंग में हुआ। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक महिला का जला हुआ शव होटल से निकाला गया है। पाल होटल में आज सुबह लोग नाश्ता करने के लिए जुटे थे। इसी क्रम में किचन में बन रहे नाश्ते के दौरान अचानक रिफाइंड से भरी कड़ाई में आग लग गई। आग की लपट ने बगल में लगे प्लास्टिक को पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान तेज हवा और गर्मी ने आग को पूरी तरह ज्वलंत बनाने में कारगर साबित हुई। आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया। खुद को बचाने के लिए कई लोग होटल से भी कूद गए

## भूपेश बघेल को आरोपी बनाने के बाद मचा सियासी बवाल




### 800 ब्रांच और 10 हजार से ज्यादा लोगों का नेटवर्क

**रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** महादेव पर ईओडब्ल्यू की एफआईआर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आरोपी बनाने के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। भूपेश बघेल दावा कर रहे हैं कि हमने सट्टा पर सख्त कानून बनाया। सबसे ज्यादा कार्रवाई की। इसके बाद भी हम पर प्रोटेक्शन देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर करना साय सरकार की गीदड़ भभकी है। इस दावे के बीच हमने ये जानने की कोशिश की, कि महादेव बुक के काले कारोबार का क्या स्टेटस है? इसको रोकने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए? किस तरह से यह बुक संचालित होती है? कितने लोगों का नेटवर्क काम कर रहा है? वर्तमान सरकार ने इसको रोकने के क्या ठोस उपाय किए हैं, क्योंकि भूपेश सरकार ने इस संबंध में डोमेन बंद करने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था। हमारी पड़ताल में पता चला कि सटोरियों और खाईवालों पर अब भी महादेव की कृपा चल रही है। इतनी सख्ती के बाद इस पर कोई असर नहीं पड़ा है। पहले की ही तरह अब भी महादेव बुक का सिस्टम काम कर रहा है। करीब 800 ब्रांच दुनियाभर में संचालित हो रही हैं। तो वहीं इस नेटवर्क से करीब 10 हजार लोग जुड़े हुए हैं। इनमें करीब 9 हजार लोग अलग-अलग ब्रांच से लेकर पैनल में नौकरी कर रहे हैं। ईओडब्ल्यू की पिछले महीने मार्च में महादेव के मामले में एफआईआर के बाद छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारों में महादेव के नाम की गूंज उठ चुकी है। सरकार से लेकर विपक्ष और ब्यूरोक्रेट्स में चर्चा का विषय बने महादेव बुक की पड़ताल में पता चला कि 6 नवंबर 2023 को 22 अवैध सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट्स को केन्द्र सरकार की तरफ से ब्लॉक करने के बाद और महादेव बुक पर ईडी से लेकर हर तरह की एजेंसी की सख्ती के बाद भी महादेव बुक सहित सभी तरह के ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट्स धड़ल्ले से अब भी चल रहे हैं। केन्द्र सरकार ने जिन ऐप और वेबसाइट्स के डोमेन को बैन किया है, उसकी जगह ऑनलाइन बैटिंग ऐप के प्रमोटर्स ने उन्हीं नाम से नया डोमेन शुरू कर दिया। बैन करने के कुछ ही घंटों में नया डोमेन बना लिया गया था। इतना ही नहीं जिस पैटर्न पर पहले ऑनलाइन बैटिंग की जाती थी, अब भी लोग उसी पैटर्न पर बैटिंग कर रहे हैं। पेमेंट डिपॉजिट और क्रेडिट करने का पैटर्न ही कुछ ऐप में बदला है। राज्य सरकारों से लेकर केन्द्र सरकार तक की चारों तरफ की सख्ती के बाद भी अब तक कुछ भी नहीं बदला है। महादेव बुक के प्रमोटर्स बेरोकटोक अपना अवैध सट्टे का कारोबार चला रहे हैं। प्रदेश में हाईप्रोफाइल ड्रामा होने और सरकार बदलने के बाद भी अब भी महादेव की कृपा जारी है।

### पप्पू ढिल्लन अब ईओ डब्ल्यू की रिमांड में,त्रिपाठी की भी रिमांड बढ़ी



ईओडब्लू सी टीम दुर्ग भिलाई शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह (पप्पू) ढिल्लन को कोर्ट 2 मई तक रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया है। पप्पू को एसीबी ने कल ही कोच्चि से हिरासत में लेकर आज रायपुर पहुंची और कोर्ट में पेश किया। पिछले दिनों एसीबी ईओडब्लू की छापेमारी के दौरान वह घर पर नहीं मिला था। पप्पू को कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के करीबियों में गिना जाता है। इस बीच इसी घोटाले में बिहार से गिरफ्तार एपी त्रिपाठी को भी आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। 6 दिनों की उसकी रिमांड आज खत्म होने के बाद पेश किया था।। कोर्ट ने उसे 9 मई तक तक रिमांड दिया है। बता दें कि इससे पहले ईओ डब्ल्यू ने शराब घोटाले मामले में कारोबारी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को हिरासत में लेकर पुछताछ हो चुकी है वही दोनों को 2 मई तक ज्यूडिशल कस्टडी में रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद किया गया है।

### शराब घोटालाः हाई कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को भेजा नोटिस

**कारोबारी अनवर ढेबर ने लगाई है याचिका**

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में दर्ज ईसीआईआर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किये जाने के बाद ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारी के खिलाफ कारोबारी अनवर ढेबर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

### अपनी गिरफ्तारी को बताया अवैध

छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले को लेकर पूर्व में ईडी की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में ईडी ने कारोबारी अनवर ढेबर, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी, नितेश पुरोहित और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को आरोपी बताते हुए इन्हें गिरफ्तार किया था। ढेबर को पूर्व में हाईकोर्ट से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल गई थी। बाद में इसी मामले में ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज किया गया है। इस मामले में ढेबर को महाराष्ट्र जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उनकी तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि पूर्व में इस मामले में दर्ज ईसीआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था, इसलिए एफआईआर और गिरफ्तारी अवैध है।

## दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट बना भारतीय पासपोर्ट

### इस मामले में टॉप पर रहा




**नई दिल्ली,25अप्रैल 2024 (ए)।** भारत का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट है, ऐसा एक स्टडी में पाया गया है। भारत का पासपोर्ट दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट होने के साथ वैलिडिटी की सालभर की लागत के हिसाब से यह दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट है। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट शीर्ष पर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म कॉम्पेयर द मार्केट एयू ने अपनी स्टडी में विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत को लेकर तुलना की है। स्टडी में पासपोर्ट की वैलिडिटी की हर साल लागत की भी तुलना की गई है। इसमें यह तुलना भी शामिल है कि किसी देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री मिल सकती है।ऑस्ट्रेलियाई फर्म की तरफ से जारी प्रेस बयान के मुताबिक, 10 साल की वैलिडिटी के लिए भारतीय पासपोर्ट की कीमत 18.07 डॉलर (1,505 रुपये) है, जबकि यूएई 5 साल के पासपोर्ट के लिए 17.70 डॉलर (1,474 रुपये) का शुल्क लेता है। भारतीय पासपोर्ट सस्ता है लेकिन यह सीमित देशों में ही वीजा फ्री एंट्री प्रदान करता है। भारतीय पासपोर्टधारी केवल 62 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं। यह ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा जैसे देशों के उलट है, जिनके पासपोर्ट महंगे हैं लेकिन वो अधिक देशों में वीजा फ्री एंट्री देते हैं। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट हर मामले में शीर्ष पर रहा चाहे वो दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट हो या फिर वीजा फ्री एक्सेस का मामला हो।

## पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते : सैलजा



**चंडीगढ़,25अप्रैल 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों राजस्थान की एक चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस महिलाओं के गहने और मंगलसूत्र लेकर पैसा ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व और महिलाओं की कुर्बानी को समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते।

## गोवा के फ्लैट में रायपुर पुलिस ने मारी रेड

### लैपटॉप के साथ कई सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर,25अप्रैल 2024 (ए)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित रेलवे स्टेशन पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आई.पी.एल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेल रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को व्यक्ति को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कुछ मोबाईल नंबरों के धारकों से लाईन लेकर ऑनलाईन सट्टा खेलना बताने के साथ ही मोबाईल नंबर के धारकों को गोवा में होना बताया गया।

## वकीलों,पक्षकारों को व्यक्तिगत रूप से मैसेज व्हाट्सएप पर मिलेंगेः सीजेआई

**नई दिल्ली ,25अप्रैल 2024(ए)।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) सेवाओं के साथ व्हाट्सएप मैसेजिंग सेवाओं के एकीकरण का ऐलान किया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने अदालत में बार के सदस्यों को बताया, अब वादियों, पक्षकारों और एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) को ई-फाइलिंग, रजिस्ट्री द्वारा उठाई गई आपत्तियों, कॉज लिस्ट एवं आदेशों तथा निर्णयों को अपलोड करने के संबंध में ऑटोमेटिक मैसेज मिलेंगे।उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप ने एक पावरफुल कम्युनिकेशन टूल की भूमिका निभाई है। इस छोटी पहल का बड़ा प्रभाव होगा। कॉज लिस्ट को न्यायाधीशों को व्हाट्सएप पर भी भेजा जाएगा। इस तरह की डिजिटल पहल से न केवल कागज की बचत होगी बल्कि हमारे ग्रह पृथ्वी को भी फायदा होगा।



वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि व्हाट्सएप मैसेजिंग सुविधा का एकीकरण सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाया गया एक और क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने इसके लिए आभार जताया।



## रूकने का नाम नहीं ले रहा है तीन तलाक केस

### विदेश से फोन पर तीन तलाक, जबरन रिश्तेदार से कराया हलाला

**मुजफ्फरनगर ,25अप्रैल 2024(ए)।** सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमते नजर नहीं आ रहे हैं, मगर कुछ महिलाएं अभी भी निकाह, तीन तलाक और हलाला जैसे अपराधों का शिकार हो रही हैं। मुजफ़्फरनगर के थाना चरथावल क्षेत्र के एक गांव मे एक विवाहिता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर बताया कि विदेश में रह रहे उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया है।

C M Y K

AMBIKAPUR 26 APRIL 2024_Layout 2 4/25/2024 11:23 AM Page 2



## संपादकीय

### गलत डाइट का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रर्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है।वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# कर्नाटक में कांग्रेस ने साल भर में ऐसी कौन-सी गलतियां कर दीं जिसके चलते है जनता इतनी नाराज

**हमने कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया...ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना था कि बिजली के बिल में कटौती की जगह बिजली की कटौती होने लगी है...शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार-बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है...**



लगभग एक साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा की 224 में से 136 सीटों पर जीत हासिल करके प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाई थी। लेकिन एक साल के भीतर ही कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जिस तरह कांग्रेस के प्रति नाराजगी दिखने लगी है वह दर्शा रही है कि चुनावों में किये गये वादे पूरे नहीं किये जायें तो जनता सबक सिखाने को तैयार रहती है। खास बात यह है कि कर्नाटक में दी गयी गारंटियों को पूरा करने के दावे के आधार पर कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए जारी अपने घोषणापत्र में तमाम तरह की गारंटियां दी हैं। लेकिन जब आप कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटियों के बारे में जनता से राय लेंगे तो पाएंगे कि दिल्ली में जो दावे किये जा रहे हैं वह खोखले हैं। हमने कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना था कि बिजली के बिल में कटौती की जगह बिजली की कटौती होने लगी है। शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार-बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमसे पैसा लेकर दूसरों को सब्सिडी दे रही है जोकि गलत है। गांवों में किसानों और दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि हमसे किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। शहरी क्षेत्रों में गैर-लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का उपयोग करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह देश का चुनाव है इसलिए हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जब हमने मुफ्त यात्रा सुविधा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक तो बसें कम हैं और दूसरा जो बसें हैं वह खटारा जैसी हैं और प्रदूषण फैलाती हैं इसलिए ऐसी सुविधा का हमें कोई फायदा नहीं।

हमने गांवों और शहरों में एक चीज समान रूप से पाई कि लोग यह कहते दिखे कि हमें मुफ्त की सौगात नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हम कमा कर खाना चाहते हैं और सभी चीजों का बिल भी अपनी जेब से भरना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि हम सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहते इसलिए सरकार को मुफ्त रेवड़ियां बांटने की बजाय रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर जोर देना चाहिए। हमने पाया कि कर्नाटक में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास इस चुनाव में बड़े मुद्दे हैं। हमने पाया कि भाजपा से बेहतर बूथ प्रबंधन किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है। हमने पाया कि महिला शक्ति का समर्थन सर्वाधिक भाजपा के साथ है। हमने पाया कि युवा शक्ति का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। हमने पाया कि पहली बार मतदान करने वाले से लेकर बच्चे तक की जुबान पर मोदी का नाम है।

2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 43 प्रतिशत मत हासिल किये थे। पिछले लोकसभा चुनावों में कर्नाटक उन राज्यों में शुमार था जहां भाजपा ने 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किये थे। इस बार के चुनावों में भी वही स्थिति देखने को मिल सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा ने राज्य की 28 में से 25 सीटों पर विजय हासिल की थी, ऐसा लगता है कि इस बार भी वही स्थिति रह सकती है या भाजपा और आगे भी जा सकती है। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत छवि का लाभ भाजपा को मिलता दिख रहा है और जिस तरह हाल ही में बेंगलुरु के एक कैफे में धमाका हो गया था उसको देखते हुए लोगों के मन में यह भावना प्रबल हुई है कि सुरक्षा हालात भाजपा के राज में ही बेहतर होते हैं।

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के समय साइडलाइन किये गये पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को भाजपा जिस तरह इस बार पूरा महत्व दे रही है उसका जातिगत असर होता भी दिख रहा है। भाजपा ने येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी है। येदियुरप्पा का लिंगायत समुदाय पर बड़ा प्रभाव है जोकि राज्य में बड़ा सामाजिक वर्ग है। वहीं जनता दल सेक्युलर का प्रभाव वोक्कालिगा समुदाय के बीच काफी अच्छा माना जाता है। इस समय कर्नाटक में जो सामाजिक समीकरण हैं उसके मुताबिक लिंगायत और वोक्कालिगा की ताकत के साथ जब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता जुड़ जायेगी तो इस गठबंधन का बेड़ा पार होना आसान हो जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा राज्य में काफी सम्मानित नेता हैं। उन्होंने मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया है और लगातार साक्षात्कारों और बयानों के जरिये वह जिस तरह मोदी के लिए समर्थन मांग रहे हैं उसका भी बड़ा असर कर्नाटक की राजनीति में देखा जा रहा है। खुद पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा भी कह चुके हैं कि जनता दल सेक्युलर के साथ गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों के लिए ही नहीं है बल्कि यह आगे तक के लिए है।

कर्नाटक में हमने एक चीज और पाई कि भाजपा जहां इस चुनाव को पूरी एकजुटता के साथ लड़ रही है वहीं कांग्रेस बिखरी हुई नजर आ रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की बजाय अपने-अपने खेमों के लोगों को जिताने के लिए ही प्रयास करते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि यह सब घटनाक्रम कांग्रेस के कई विधायकों को अखर रहा है। वह पहले से ही इस बात से नाराज हैं कि उनके क्षेत्र में विकास के लिए फंड नहीं दिया जा रहा है। दरअसल ऐसा बताया जाता है कि मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चक्कर में कर्नाटक सरकार का खजाना ही खाली हो चुका है और विकास के लिए पैसा नहीं बचा है। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब खजाना रेवड़ियां लुटाने में खाली कर दिया गया लेकिन जनता कह रही है कि उसे कुछ मिला ही नहीं तो यह पैसा आखिर गया कहां?

**-नीरज कुमार दुबे-**

# अन्त:करण है सबसे बड़ी अदालत



**संजय गोस्वामी, मुंबई**

आज चुनाव में जेल जाने पर अदालत की चक्कर लगाते नजर आते है लेकिन एक बार अपने अंदरअन्तरात्मा में भी देखना चाहिए अन्तरात्मा में शूल की भाँति चुभनेवाले गलत काम किसी के भी दवाब में आकर कदापि न करें, क्योंकि फँसने पर कोई व्यक्ति सहायता न कर सकेंगा। हमेशा यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि हम दुसरों की तरह बच जाएंगे हमें यह हमेशा सोचना चाहिए कि बच जाएंगें ऐ सोचना चाहिए इसका परिणाम क्या होगा यदि गलत होगा तो ऐसा काम कदापि न करें कोई आपको अपमान और ग्लानि से न बचा सकेगा। दवाब में आकर पाप करना भंयकर भूल है। सत्य की राह पर रहने से शांति और सत्कार अवश्य मिलेंगे। सोफोक्लीज कहता है, ÷कोई भी साक्षी इतना विकट और कोई भी अभियोक्ता इतना शक्तिशाली नहीं हो सकता, जितना मनुष्य को अपना ही अन्त:करण । अपना अन्त:करण परम निकट है और विकट भी। अन्त-करण के दर्पण से कुछ भी छिपाना असंभव है। अपना अन्त:करण सबसे बड़ी अदालत है। प्राय: लोग उपकार के उत्तर में धन्यवाद भी नहीं देना चाहते और आपको पहचानते भी नहीं है तथा उनके सौ काम करने के बाद एक काम न होने पर ही वे आपको बुरा कहते हुए घूमेंगे। अहसान करना अदावत मोल लेना है। कृतध्न व्यक्ति उस हाथ को ही काट लेते हैं, जो उन्हें भोजन देता है। अत: ईमानदारी आत्म-संतोष के लिए ही, आत्म-संतोष ही इसका पुरस्कार है। लोगों से प्रशंसा की इच्छा एवं आशा करना अथवा यह सोचना कि आपने उन्हें अच्छाई से जीत लिया है अथवा उन्होंने आपके उपकार के कारण आपको अपना लिया है, भयंकर भूल है। नेकी कर, कुएँ में डाल।

मिथ्या दोषारोपण एवं निकृष्ट आलोचना का उचित अवसर पर उत्तर देना तो अवश्य उचित है, किंतु उससे भड़क उठना भारी भूल है। एडवर्ड अष्टम को एक ब्लैकमेलर ने धमकी दी कि यदि उसने उसे कुछ धन नहीं दिया,तो वह पत्रों में उसकी बदनामी करेगा। एडवर्ड बोले- प्रकाशित करो और अपने को लानत भेजो। (पबलिश एण्ड बी डैम्ड)। यह थी निर्भीकता। स्वामी विवेकानन्द के अमेरिका में जाने पर भारत में कुछ ईर्ष्यालु जन ने उनके चरित्र के संबंध में अनेक अनर्गल बातें कहीं। उनके मित्र उन्हें समाचार पत्रों की कतरन (कटिंग) भेज देते थे। स्वामी विवेकानंद उन्हें समुद्र में डुबो देते थे और कहते थे-स्तुति और निन्दा दोनों विष हैं, मुझे तो अपना काम करते रहना है। यह है स्वस्थ एवं उचित प्रतिक्रिया। समाज में ऐसे लोगों की कमी नहीं होती, तो निर्रथक ही दूसरों का अहित करने में अपना हित समझते हैं। ये निघ्नन्ति निरर्थक परहितं। ऐसे लोगों पर रोष करना अभी शक्ति का क्षय करना है। बर्नार्ड शा के अनुसार तिरस्कार का सर्वोत्तम उपाय मौन (उपेक्षापूर्ण मौन) है। अपने गुणों और महत्व को आप स्वयं पहचाने और दूसरों से सर्टिफिकेट की आशा अथवा आकांक्षा न करें। किसी के निंदा कर देने पर आप अयोग्य अथवा बुरे नहीं हो गये। मेरी इज्जत पर हमला हो गया, मेरे नाम को बदनाम किया जा रहा है, मेरी प्रतिष्ठा को धक्का लग गया, मेरी आबरु मिट्टी में मिल गयी, मुझे अयोग्य सिद्ध किया जा रहा है, मेरे चरित्र पर संदेह किया जा रहा है, मेरे चरि पर धब्बा लगाया जा रहा है, मुझे भ्रष्ट सिद्ध किया जा रहा है। मेरा यश चला गया, तो क्या रह गया, इससे तो मरना भला, मैं मर जाऊँ तो अच्छा रहे !, यह सब कहना भावुकता है, अव्यावहारिकता है। आवश्यकता होने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए भी संतुलन न खोना चाहिए। अपने रास्ते पर चलते रहें और लोगों को बकने दें। निंदा सुनकर उत्तेजित होने से आप निन्दक के महत्व को स्वीकार कर रहे हैं। प्रभु में विश्वास व्यक्ति मिथ्या दोषारोषण पर हंस देता है तथा उत्तेजित नहीं होता है। भड़क उठना तो आपके व्यक्तित्व के छोटेपन को सिद्ध कर देगा। हाँ, आवश्यकता होने पर दृढ़तापूर्वक प्रत्युत्तर दे, किंतु संतुलित रहकर ही। हाथी मस्ती से झूमता हुआ चलता है, कुत्ते भूँकते रहते हैं। सड़क के कुत्ते किसी को भी भूँक देते हैं, गधे किसी को भी दुलती मार देते हैं, साँड़ किसी को भी टकरा देते हैं, भेड़िये किसी पर भी आघात पर देते हैं। बर्रे और बिच्छु किसी को भी डंक मार देते हैं और दुष्ट किसी को भी टोपी उछाल देते हैं। दुष्ट प्रकृतिवाले लोगों से सावधान रहना व्यावहारिकता है किंतु उनसे भयभीत होना अविवेक है। यश की चाह छोड़ने से अपयश का भय भी छूट जाता है। आवश्यकता होने पर वर्तमान स्थिति (पेशा, पद आदि) को लात मारकर नये रास्ते अपनाने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

जब निर्दोष होने पर भी आपको प्रतिष्ठा पर आक्रमण हो रहा हो तथा आपका नाम घसीटा जा रहा हो, तो आप बौखलाकर कटु उत्तर ने देने लगें, बल्कि संयम से काम लें तथा यत्र तत्र प्रलाप (लूज टाक) न करें। समय आने पर ही उत्तर दें तथा उचित एवं सीमित उत्तर दें।


प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यो को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यो के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यो को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती।

**-प्रमोद भार्गव-**

## तेरे बाप



**गरिमा राकेश** गौतम
गर्विता
कोटा,
राजस्थान

आज मैं तुमसे तुम्हारा
एक हक छीन लेती हूँ।
मेरी अर्थी को कांधा देने,
और चिता को अग्नि देने से,
तुम्हें वंचित करती हूँ।
जब ये बैरन सांसे
मेरा साथ छोड़ जाये।
तुम छोड़ आना मुझे
मेरे उस आँगन में,
जिससे मैं कभी विदा हुई थी ।
और चले आना ......
नही तो तुम मुझे मरने के बाद भी कह दोगे
तेरे बाप ने तेरी मैयत के पैसे नही दिये.....।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## वसुंधरा



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी
फिंगेश्वर
गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

बदला मौसम बदल रही परिधान वसुंधरा!
निकाली मटमैली साड़ी ओढ़ी हरी वसुंधरा!!
बदला मौसम बदल रही परिधान वसुंधरा!
निकाली हरा चुनरी ढकी सुनहर वसुंधरा!!
बदला मौसम बदल रही परिधान वसुंधरा!
बदली सुनहरा पहनी पीला साड़ी वसुंधरा!!
बदला मौसम बदल रही परिधान वसुंधरा!
निकाली पीत परिधान लगी मटमैली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## जगह




**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

किसी अंक के बाईं ओर
शून्य का होना
महत्वहीन होता है,
शून्य के होने या न होने से
उस अंक को कोई फर्क नहीं पड़ता,
परन्तु...
शून्य के दाईं ओर होने पर
उस अंक का बढ़ जाता है
मान दसगुना,
और शून्य को मिल जाता है
स्वयं का अस्तित्व व सम्मान।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## झुकती पलकें





**प्रीति चौधरी मनोरमा**
जनपद बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

झुकती पलकें क्या कहती हैं
पढ़कर तो देखो इक बार।
तुम्हें देखने को यह उठतीं,
शर्माकर झुक जातीं यार।।
क्यों जगती हैं रात- रात भर,
आखिर यह आँखें बेचैन।
किसने इनकी निंदिया छीनी,
किसने लूटा इनका चैन।।
तुमसे ही मिलता -जुलता है,
उस बैरी का आनन यार।
झुकती पलकें क्या कहती हैं,
पढ़ कर तो देखो इक बार।।
आँखों में गुम सौ अफसाने,
बिन लफ्जों के करतीं बात।
लजा लजा कर कह देतीं ये,
मिलन रात में दिल की बात।।
शब्दों की बैसाखी के बिन
हो जाता प्रेमिल इज़हार।
झुकती पलकें क्या कहती हैं,
पढ़ कर तो देखो इक बार।।
आँखों के घट में रहती है,
अपने प्रेमी की तस्वीर।
ये रो दें तो आये सावन,
बह जाए नदिया सम नीर।।
आँखों की भाषा वो समझे,
जो करता है सच्चा प्यार।
झुकती पलकें क्या कहती हैं,
पढ़ कर तो देखो इक बार।।
कितनी गहरी उर की चाहत,
ये आँखों से लेना तोल।
असर सदा दिल पर करते हैं,
इन नयनों के मीठे बोल।।
इन आँखों में छुपकर बैठा,
प्यारा सा मधुरिम संसार।
झुकती पलकें क्या कहती हैं,
पढ़कर तो देखो इक बार।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## खुद की तलाश में



**सुरेश निर्मलकर सरल**
बेरला,बेमेतरा (छत्तीसगढ़)

शहर की ओर दौड़ रहा हूं ।
भूख, बेरोजगारी की लाचारी,
से नाता तोड़ रहा हूं।
मैं अपनी गाड़ी को ,
शहर की ओर मोड़ रहा हूं ।
कबूतर खानों जैसे कमरों में ,
दुबक कर जी रहा हूं ।
जहरीली हवाओं को
दिन रात पी रहा हूं
गाड़ियों की कोलाहल
और लोगों की मज़मों से
नाता जोड़ रहा हूं
मैं अपनी ...........
इधर से उधर बस
सड़कों को नाप रहा हूं
दो वक्त की रोटी के लिए
रोज हाफ़ रहा हूं
खुद को तलाशने की
फुर्सत नहीं अब तो
कुछ पाने की चाहत में
सब कुछ गंवाकर
अपना माथा फोड़ रहा हूं
मैं अपनी ............
रोज सोचता हूं
मां-बाप के साथ
दो-चार दिन गुजारूँ
गांव की खुली फिजाओं को
जी भर कर निहारूँ
इन ख्यालों को
बहुत पीछे छोड़ रहा हूं
मैं अपनी...............

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

C M Y K

# वकील व उसके पड़ोसी के सूने मकान से 11 लाख की चोरी

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

शहर के नवापारा स्थित एक वकील व उसके पड़ोसी के मकान में 22 से 23 अप्रैल की रात चोरों ने धावा बोला। पुलिस ने वकील के घर से 7 लाख रुपए के जेवर, जबकि पड़ोसी के घर से 4 लाख के जेवर व 50 हजार रुपए नकद पार कर दिए। चोरी की वारदात के दौरान वकील व उसका पड़ोसी अपने-अपने परिवार के साथ पैतृक निवास गए थे। सूचना पर गुरुवार की सुबह पुलिस मौके पर पहंची और जांच शुरु की। दोनों घरों से कुल चोरी 11.50 लाख रुपए की बताई जा रही है।



शहर के नवापारा महागिरजाघर के सामने स्थित पुराने सेल टैक्स ऑफिस गली में अधिवक्ता केडी प्रजापति का मकान है। उनकी पत्नी 19 अप्रैल को अपने गांव बलरामपुर जिले के चलगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमनपुर गई थी। इसी बीच 22 अप्रैल को अधिवक्ता कोर्ट के काम से प्रतापपुर गए और रात को वे भी पत्नी के पास चलगली में रुक गए। वे 24 अप्रैल की सुबह अंबिकापुर पहुंचे और घर न जाकर सीधे कोर्ट आ गए। शाम को वे जब कोर्ट से घर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब वे भीतर गए तो आलमारी खुली व सामान बिखरा हुआ था। जब वे पूजा रूप में पहुंचे तो वहां की पेटी में रखे करीब 7 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। इसकी सूचना उन्होंने रात में ही गांधीनगर पुलिस को दी। अधिवक्ता के पड़ोस में ही सुनील मिश्रा पिता चंद्रमणि मिश्रा का मकान है। वह सोसायटी संचालक है। 19 अप्रैल को सुनील मिश्रा अपनी पत्नी व 2 बच्चों तथा अपने 2 छोटे भाइयों व पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक निवास स्थान रीवा गए थे। यहां उनके बेटे का जनेउ संस्कार होना था। जबकि उनके पिता घर पर ही रुके थे। 22 अप्रैल को पिता भी कार्यक्रम में शामिल होने रीवा चले गए हैं। जब सुनील मिश्रा को पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता के घर चोरी हो गई है तो उन्होंने गांधीनगर निवासी अपने जीजा राजीव द्विवेदी को यह देखने अपने घर भेजा कि उनका घर सही सलामत है या नहीं। जब जीजा पहुंचा तो बाहर से सब सामान्य था। जब ताला खोलकर वे भीतर घुसे तो सारा सामान बिखरा था। कमरे के 3 ताले टूटे थे तथा आलमारी में रखे राशन दुकान के 50-60 हजार रुपए व करीब 4 लाख रुपए के जेवर गायब थे। वकील की रिपोर्ट पर गुरुवार की सुबह गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। इस बीच सुनील मिश्रा के जीजा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों घर में 22-23 अप्रैल की रात चोरी की आशंका जताई जा रही है। दोनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# 8 युवकों ने नाबालिग किशोरी से किया गैंगरेप

– संवाददाता –
बिश्रामपुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

14 वर्षीय एक नाबालिग से 8 युवकों द्वारा सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। पीड़िता शादी समारोह में शामिल होकर अपने एक दोस्त की बाइक से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ता रोक कर पहले तो आरोपियों ने दोस्त की पिटाई की, फिर किशोरी को उठाकर जंगल के भीतर ले गए। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पीड़िता 23 अप्रैल को अकेले ही अपने किसी रिश्तेदार के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। इस वजह से किशोरी ने उन्हें शादी में जाने की बात बताई थी। रात में किशोरी शादी समारोह में शामिल हुई और 24 अप्रैल की अलसुबह करीब 5 बजे अपने दोस्त की बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी। इसी बीच वीरपुर के जंगल में 8 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। युवकों ने पहले तो किशोरी के दोस्त की पिटाई कर वहां से भगा दिया। इसके बाद वे किशोरी को उठाकर जंगल के भीतर ले गए और उसके साथ सभी ने बारी-बारी से बलात्कार किया। फिर सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। आरोपियों में 2 सगे भाई भी शामिल हैं। 7 आरोपी एक गांव के जबकि 8वां आरोपी एक अन्य गांव का है। सभी आरोपियों की उम्र 18 से 24 वर्ष के बीच बताई जा रही है। आरोपियों के जाने के बाद किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और माता-पिता को पूरी जानकारी दी। बुधवार को ही वह पिता के साथ थाने पहुंची और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों को उनके घर पर दबिश देकर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में अमित रंजन भगत पिता स्व. राजकिशोर 19 वर्ष, ग्राम वीरपुर, नरेंद्र सिंह पिता बोधन सिंह गोंड़ 22 वर्ष निवासी कुम्दा बस्ती, अनिल सिंह पिता गंगाप्रसाद गोंड 18 वर्ष वीरपुर, पीतांबर यादव पिता गुलाब यादव बरगाह 18 वर्ष, खेलू सिंह पिता चिरंजीव सिंह गोंड़, वीरपुर, सुरेश कुमार पिता रामदेव गोंड़ 19 वर्ष वीरपुर, संजय सिंह पिता मुखदेव गोंड़ 24 वर्ष वीरपुर, मटुकधारी सिंह पिता चिरंजीव सिंह 19 वर्ष वीरपुर शामिल हैं।

# वीवीआईपी प्रवास के बाद पूर्ववत किया गया गांधी स्टेडियम मैदान

– संवाददाता –



**अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** वीवीआईपी प्रवास के दौरान उच्च सुरक्षा कारणों से जिला प्रशासन द्वारा गांधी स्टेडियम में हेलीपैड का निर्माण कराया गया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद प्रशासन द्वारा 24 घंटे के भीतर ही पूर्ववत कर दिया गया है। इसके साथ ही आम जन और खिलाडि़यों की सुविधा के लिए रनिंग ट्रैक में भी आवश्यक संधारण करते हुए डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोस्कर ने स्वयं गांधी स्टेडियम पहुंचकर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत और निगम की टीम मौजूद रही। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि प्रशासन आम जन के लिए है। बीते दिनों गांधी स्टेडियम में आवाजाही अवरुद्ध होने से आम जन और खिलाडि़यों को हुई असुविधा के मद्देनजर त्वरित गति से काम करते हुए अब प्रशासन द्वारा आश्वासन अनुरूप मैदान को पूर्ववत किए जाने का कार्य भी पूर्ण किया गया है। इसके साथ ही आमजनता के लिए गांधी स्टेडियम पुनः कल सुबह से खोल दिया जाएगा।

# चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सुदर्शन प्रसाद प्रजापति लखनपुर थाना क्षेत्र के रजपुरीकला का रहने वाला है। वह 24 अप्रैल को अपने बच्चे का इलाज कराने गंगापुर स्थित निजी अस्पताल आया था। अस्पताल के पार्किंग में वह अपनी बाइक को खड़ा किया था। बच्चे का इलाज कराने के बाद जब वह घर जाने निकला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विशाल अम्बस्ट उम्र 27 वर्ष निवासी सकालो लोटाबहरा थाना गांधीनगर, बीरबल उम्र 24 वर्ष निवासी लहसुनपाट थाना शंकरगढ़ जिला बलरामपुर हाल मुकाम गोधनपुर थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# सडक़ हादसे में घायल युवक की मौत

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम बरढ़र में 24 अप्रैल की रात को सडक़ किनारे खड़े होकर बारात देख रहे तीन युवकों को बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए खडग़वां अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बैकुंठपुर अस्पताल से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने देर रात को उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार शिवरत्न पिता भाव ड्क्षसह गोड़ उम्र 18 वर्ष मनेन्द्रगढ़ जिले के खडग़ांवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरढ़र का रहने वाला था। वह 24 अप्रैल की रात को गांव के ही सूरज व शिवप्रसाद के साथ गांव में ही शादी समारोह में शामिल होने गया था। यहां तीनों सडक़ किनारे खड़े होकर बारात देख रहे थे। इस दौरान बाइक क्रमांक सीजी 16 सीपी 5485 के चालक ने तीनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए खडग़वां अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने शिवरत्न की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शादी समारोह में युवक ने फांसी लगा दी जान,महिला की सड़ी मिली लाश

– संवाददाता –



**अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ककना गांव में शादी समारोह में आए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं पस्ता थाना अंतर्गत पाढ़ी जंगल में महिला की सड़ी गली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस दोनों मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम करमी कंवरटोली थाना कुसमी निवासी 40 वर्षीय सुभाष पैकरा पिता शिवनाथ पैकरा बुधवार को ककना गांव में शादी समारोह में बारात आया हुआ था। अज्ञात कारण से वह पकरी पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरा पस्ता थाना अंतर्गत पाढ़ी निवासी 55 वर्षीय मिहिया कोडाकू पति भगना कोडाकू अपने घर से 20 अप्रैल को महुआ बीबने के लिए पाढ़ी जंगल गई हुई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी थी। इधर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार को उसकी लाश सड़ी गली अवस्था में पाढ़ी जंगल में मिली है। सूचना पर पहुंची पस्था थाना पुलिस ने मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# सूरजपुर जिले के दो आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर का आदेश हुआ जारी

» **डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर के अनुशंसा पर कलेक्टर सूरजपुर ने 2 आदतन अपराधियों के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही**

» **आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया हेतु आपराधिक इतिहास के व्यक्तियों पर की जा रही हैं सख्त कार्यवाही**

– संवाददाता –
सूरजपुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त संदेहियो एवं आरोपियों पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं और अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के अनुशंसा पर कलेक्टर सूरजपुर श्री रोहित ब्यास (भा.प्र.से.) ने जिले के आदतन अपराधी संजय साहू उम्र 44 वर्ष, निवासी पुराना बाजारपारा, थाना सूरजपुर तथा महमूद अहमद उर्फ बबला निवासी ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर, थाना रामानुजनगर के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत दाण्डिक प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार दोनों आदतन अपराधियों को 25 अप्रैल 2024 से जिला सूरजपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरबा, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ), सिंगरौली मध्यप्रदेश जिला क्षेत्र से 6 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने, आदेश का पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

आदतन अपराधी संजय साहू के विरूद्ध डकैती, मारपीट, चोरी, जुआ, धोखाधड़ी, विद्युत अधिनियम जैसे कई अपराध दर्ज है एवं कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। इसी प्रकार आदतन अपराधी महमूद अहमद के विरूद्ध महिला संबंधी अपराध, मारपीट, जुआ, एनडीपीएस एक्ट, रात्रि में घुमने, पुलिस को देखकर भागने-छिपने, लड़ाई-झगड़ा करने तथा कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

# अंवराझरिया घाट के पास बस व ट्रक की टक्कर,एक दर्जन से अधिक लोग घायल



» **ट्रक का चालक स्टेयरिंग में फंसा... काफी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

एनएच 343 अंबिकापुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर स्थित अंवराझरिया घाट पर बुधवार की रात रॉयल बस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। ट्रक का चालक स्टेयरिंग में फंस गया था। जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जिसे गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद एनएच पर जाम लग गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को रॉयल बस क्रमांक सीजी 06 जीव्हाई 8153 गढ़वा से यात्रियों को लेकर रायपुर जा रही थी। दूसरी तरफ बरियों से गिट्टी लोड ट्रक रामानुजगंज की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों गाड़ी और अंवराझरिया घाट के पास पहुंचे तो ट्रक के चालक नियंत्रण खो दिया और यात्री बस में जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में बस में बैठे लगभग एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं ट्रक का चालक अरविंद ठाकुर पिता अजय ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी थाना सकरी बिलासपुर स्टेयरिंग में फंस गया था। जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सूचना पर बलरामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बस यात्रियों को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे साधनों से गंतव्य के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे पर रात 9 से 2 बजे रात तक जाम लग गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। हाईवे पेट्रोलिंग की टीम, यातायात एवं अन्य पुलिस बल की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया और आवागमन शुरू कराया गया।

# पलटा डीजल से भरा टैंकर, डीजल लूटने की मच गई होड़



– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर डीजल से भरा टैंकर गुरुवार की सुबह फूलीडूमर घाट पर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर पलटने के बाद डीजल लूटने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी बाल्टी, डिब्बा व बर्तन लेकर डीजल लूटने पहुंचे थे। सूचना मिलते ही बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को खदेड़ा। इस दौरान काफी मात्रा में डीजल बह चुका था।

बलरामपुर जिले के फूलीडूमर घाट पर डीजल लोड टैंकर के पलट जाने पर स्थानीय लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को वहां से खदेड़ा तब जाकर डीजल की लूट बंद हो पाई। आज 10 चक्का डीजल से भरा टैंकर को लेकर वाहन चालक उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ रहा था इसी दौरान सुबह 7 बजे के करीब फूलीडूमर घाट पर टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें से डीजल बहने लगा जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों को लगी तो फूलीडूमर एवं बसंतपुर के ग्रामीण बाल्टी, ढब्बा लेकर बहते हुए डीजल को लूटने के लिए दौड़ पड़े। थोड़ी ही देर में वहां डीजल लूटने वालों की भारी भीड़ लग गई। इसकी जानकारी बसंतपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह को मिली तो वे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को हटाया, तब तक काफी डीजल बह चुका था। थाना प्रभारी के द्वारा फोन कर क्रेन मंगाया गया और पलटे हुए टैंकर को उठवाया गया जिसके बाद मार्ग पर आवागमन भी सामान्य हो गया।

AMBIKAPUR 26 APRIL 2024_Layout 2 4/25/2024 11:23 AM Page 4



# पूर्व पीएम इमरान खान को दोहरा झटका,भड़काऊ बयान पर कोर्ट ने फटकारा:रक्षा मंत्री ने भी साधा निशाना

**इस्लामाबाद,25 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अब इस्लामाबाद की एक अदालत ने गुरुवार को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तानी सेना और बाकी संस्थानों के खिलाफ भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाई है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश बसीर जावेद राणा ने कहा कि मीडिया को कोर्ट की सुनवाइयों को लेकर एक सीमा के अंतर्गत रिपोर्ट्स तैयार करनी चाहिए और आरोपियों के बयानों पर किसी तरह की रिपोर्ट नहीं बनानी चाहिए।

### भड़काऊ बयान देने पर लगी फटकार

अदालत के आदेश के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा सेना के उच्च अधिकारियों, न्यायपालिका और सेनाध्यक्ष को लेकर भड़काऊ बयान दिए गए हैं। कोर्ट ने इमरान और उनकी पार्टी को फटकार लगाते हुए कहा है कि इस तरह के बयान न्यायिक मर्यादा को बाधित करते हैं और न्यायिक कार्यों में भी बाधा डालते हैं। आगे कहा गया है कि इमरान खान के जेल मुकदमे के दौरान मीडिया द्वारा अपनी रिपोर्टिंग को सीमित रखा जाएगा। एक खबर के अनुसार, अदालत ने अपने आदेश में अभियोजन पक्ष, आरोपियों और उनके बचाव पक्ष के वकीलों को निर्देश दिया कि वे ऐसे भड़काऊ बयान न दें जिससे अदालत की मर्यादा भंग हो।




### इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी लगाया था आरोप

इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी धांधली का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पंजाब में उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए पहले से धांधली की रणनीति तय की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी हमारी याचिका को अनसुना किया गया।

### रक्षा मंत्री ने गोहर खान के दावों का खंडन किया

उधर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इमरान खान के करीबी गोहर खान के दावों को सिरे से नकार दिया गया है। गोहर खान ने दावा किया था कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री पर एक सौदा स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसके जवाब में रक्षा मंत्री ने कहा कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। गोहर ने कहा कि जिस तरह से इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में रखा गया है, उससे पता चलता है कि दोनों पर किसी सौदे के लिए सहमति जताने के लिए दबाव डाला जा रहा है। गोहर के बयान के जवाब में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इमरान खान की पार्टी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए ऐसे बयान दे रही है। बता दें कि अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से इमरान खान को चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। इसके बाद उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा गया है।



# अंतरिक्ष में महत्वाकांक्षी चीनी छलांग,अंतरिक्ष स्टेशन टियांगोंग भेजे गए तीन यात्री

**बीजिंग,25 अप्रैल 2024।** चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना शेनझोउ-18 के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस परियोजना के तहत यात्रियों को निचली-पृथ्वी की कक्षा में भेजा गया है। बता दें कि चीन 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की सहत पर भेजना चाहता है। गुरुवार तो तीनों यात्रियों को जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने जिन तीन लोगों को अंतरिक्ष में भेजा है, उनमें एक का नाम 43 वर्षीय कमांडर ये गुआंगफू है। गुआंगफू एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं, जो 2021 के शेनझोउ-13 मिशन का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ 34 वर्षीय ली कांग और 36 वर्षीय ली गुआंगसु पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा पर जा रहे हैं।

# कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस एजेंट की सहयोगियों से मुठभेड़,कार्यभार से हटाया गया



**वॉशिंगटन,25 अप्रैल 2024 ।** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को मुठभेड़ में शामिल होने के बाद तुरंत हटा दिया गया है। एजेंसी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। एजेंट को कमला हैरिस के विवरण से हटा दिया गया है। वॉशिंगटन डीसी के बाहरी इलाके में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के पास सुबह के नौ बजे के आसपास सीक्रेट सर्विस एजेंट का अन्य एजेंट के साथ मुठभेड़ हो गया। यह मुठभेड़ कमला हैरिस के वहां पहुंचने से पहले हुई।

### विवाद में शामिल एजेंट की पहचान अज्ञात

मुठभेड़ में शामिल एजेंट की पहचान फिलहाल अज्ञात है। उन्हें तुरंत उनके कार्यभार से हटा दिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा, उप-राष्ट्रपति के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज से प्रस्थान का समर्थन करने वाले अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट का ऐसा प्रदर्शन उनके सहयोगियों को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी सक्रेट सर्विस हमारी कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बहुत गंभीरता से लेती है।

इस दौरान मेडिकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। इसके कारण कमला हैरिस की यात्रा में किसी प्रकार की देरी नहीं हुई। गुग्लिएल्मी ने बताया कि यह एक चिकित्सा से जुड़ा मामला है, इसलिए विभाग ने इस पर ज्यादा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, कमला हैरिस न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गई।

# विश्वविद्यालयों में बढ़ते फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों से घबराई सरकार,सैंकड़ों हिरासत में,कई कॉलेज हुए बंद

**वॉशिंगटन, 25 अप्रैल 2024।** अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैंकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



### अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में जारी विरोध प्रदर्शन

कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। वहीं कुछ कॉलेज बंद ही कर दिए गए हैं।

अमेरिकी पुलिस ने सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। जिन यूनिवर्सिटीज से छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया आदि शामिल हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से ही 34 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया से 93 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इस हफ्ते की शुरुआत में 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अमेरिकी स्पीकर के दौरे से बढ़ा विरोध

अमेरिका की संसद के स्पीकर माइक जॉनसन ने हाल ही में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के कैंपस का दौरा किया, जहां उन्हें फलस्तीन समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जॉनसन ने इसकी तीखी आलोचना की और इसे भीड़तंत्र की मानसिकता बताया। साथ ही उन्होंने इसे यहूदी विरोध का वायरस भी बताया। प्रदर्शनकारी छात्र कॉलेज कैंपस में इस्राइल विरोधी नारे लगा रहे हैं।

# अमेरिका में फैल रहा जॉम्बी डियर डिजीज का संक्रमण, वर्जीनिया के पार्क में सफेद पूंछ वाले दो हिरण पॉजिटिव

**वॉशिंगटन, 25 अप्रैल 2024।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामलों के बीच अमेरिका में जॉम्बी डियर डिजीज का केस सामने आया है। पश्चिमी वर्जीनिया के हार्पर्स फेरी नेशनल हिस्टोरिकल पार्क के अंदर दो सफेद पूंछ वाले हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन दो हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है, उनकी मौत हो चुकी है। बता दें कि इस बीमारी को क्रॉनिक वेस्टिंग डिजीज (सीडब्ल्यूडी) के नाम से भी जाना जाता है।



### अमेरिका में फैल रहा सीडब्ल्यूडी

बताया जा रहा है कि एंटिएटम और मोनोकेसी बैटलफील्ड पार्क में रहने वाले हिरणों को सीडब्ल्यूडी से संक्रमित पाया गया है। हार्पर्स फेरी और आसपास के नेशनल पार्क में देशी पौधों और ऐतिहासिक परिदृश्यों को संरक्षित रखने के लिए हिरणों की जनसंख्या को कम किया जा रहा है। पार्क सेवाएं हिरणों की आबादी नियंत्रित करने के लिए समय समय पर कुछ पार्कों में शिकार आयोजित करती है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस साल तक इन पार्कों में परिणाम निगेटिव हैं।


अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, यह एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। यह वायरस जानवरों के साथ बल्कि मनुष्य को भी प्रभावित करता है। बता दें कि इस बीमारी का पता पिछले साल येलोस्टोन नेशनल पार्क में नवंबर में चला था।

### सीडब्ल्यूडी के लक्षण

सीडब्ल्यूडी में दिमाग और रीढ़ की हड्डियों में कोशिकाएं असामान्य रूप से मुड़ जाती हैं। ये आपस में एक-दूसरे से चिपकने लगते हैं। संक्रमित होने के लगभग एक साल बाद जानवरों में इसका लक्षण दिखाई देता है। इसके कारण जानवरों में लड़खड़ाहट, लार आना, आक्रामकता और वजन कम होने लगता है और आगे चलकर इसी के कारण जानवरों की मौत हो जाती है।

# पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत, बोले...रुककर सोचने की जरूरत

**मैड्रिड,25 अप्रैल 2024।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बाद पीएम सांचेज ने अपने सभी सरकारी काम रोक दिए हैं और कहा है कि उन्हें रुककर सोचने की जरूरत है। पीएम सांचेज ने संकेत दिए हैं कि वे राजनीति छोड़ भी सकते हैं। पीएम सांचेज की पत्नी बेगोना गोमेज के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू हो गई है।



### स्पेन के पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत

समाजवादी नेता सांचेज ने बुधवार को कहा कि उनकी पत्नी के खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं। हालांकि उन्होंने सोमवार तक अपने सभी सार्वजनिक दायित्वों को निभाने पर रोक लगा दी है। सोमवार को वह मीडिया के सामने आएंगे और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर कोई बड़ा एलान कर सकते हैं। सांचेज ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मुझे थोड़ा रुककर सोचने की जरूरत है। मुझे तुरंत इस सवाल का जवाब ढूंढने की जरूरत है कि क्या मुझे सरकार का नेतृत्व जारी रखना चाहिए या फिर इस सम्मान को त्याग देना चाहिए।

### यूनियन ने लगाए पीएम की पत्नी पर आरोप

पीएम पेड्रो सांचेज सार्वजनिक जिम्मेदारियां नहीं निभा रहे हैं और जनता की नजरों से भी दूर हैं। पेड्रो सांचेज ने पत्नी गोमेज के खिलाफ मानोस लिमपियास नामक एक यूनियन ने आरोप लगाए हैं। यह यूनियन कानूनी मामलों के प्लेटफॉर्म की तरह भी काम करती है और बिजनेस डील्स को प्रभावित करने में भी इस यूनियन की भूमिका है। इस यूनियन के नेता मिगेल बर्नाड रेमोन हैं।

# भारतवंशी नागरिक की हत्या मामले में चीनी मूल के व्यक्ति को उम्रकैद, पांच साल पहले झड़प में गई थी जान

**सिंगापुर,25 अप्रैल 2024।** सिंगापुर के नाइटक्लब के बाहर झड़प के दौरान एक भारतवंशी नागरिक की मौत हो गई थी। इस मामले में चीनी मूल के सिंगापुरी नागरिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसी के साथ अदालत ने आरोपी को बेंत से भी मारने की सजा दी है।




स्थानीय मीडिया के अनुसार, अभियोजन पक्ष ने मृत्यु दंड की मांग नहीं की थी। सिंगापुर में हत्या की सजा फांसी या कारावास है। यह घटना दो जुलाई 2019 को ऑर्कड रोड के होटल और पर्यटक क्षेत्र में नॉटी गर्ल क्लब के बाहर घटी। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय टैन सेन यांग के तौर पर की गई है। आरोपी को 31 वर्षीय सतीश नोएल गोबीदास की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया है।

आरोपी टैन के अलावा सात अन्य लोगों को भी हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। ऑर्कड टावर केस ने तब जनता का ध्यान आकर्षित किया, जब अधिकांश आरोपियों के ऊपर से हत्या का आरोप कम कर दिया गया था। छह में से केवल टैन पर ही हत्या का आरोप लगा था। अन्य आरोपियों जोएल टैन यूं शेंग, चान जिया जिंग, आंग दा युआन, लू बून चोंग, टैन होंग शेंग और नताली सियो यू जेन के आरोपों को कम कर दिया गया था। टैन की सुनवाई का निष्कर्ष यह निकला कि बाकी के आरोपियों को भी इस हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

# कार्डिनल रंजीथ के आरोपों को श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे ने नकारा,हर बात का दिया जवाब

**कोलंबो, 25 अप्रैल 2024।** श्रीलंका में 2019 में हुए ईस्टर संडे आतंकी हमले के मामले में पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने कैथोलिक चर्च के आर्कबिशन कार्डिनल मैल्कम रंजीथ को आरोपों को सिरे से नकारा है। बता दें कि 21 अप्रैल 2019 को श्रीलंका में आईएसआईएस समर्थित इस्लामी चरमपंथी नेशनल तौहीद जमात द्वारा सीरियल ब्लास्ट किया गया था। इस दौरान नौ आत्मघाती हमलावरों द्वारा तीन कैथोलिक चर्च और कई लग्जरी होटोलों में बम धमाके किए गए थे। इस आतंकी हमले में 11 भारतीयों समेत 270 लोगों की मौत हो गई थी।

### पूर्व राष्ट्रपति कार्डिनल रंजीथ ने लगाए आरोप

हाल ही में कार्डिनल रंजीथ ने आरोप लगाया था कि ईस्टर संडे ब्लास्ट मामले में राष्ट्रपति जांच आयोग की रिपोर्ट पूर्व राष्ट्रपति को सौंपी गई थी। इसके बाद राजपक्षे ने उनसे फोन पर बात की थी। रंजीथ के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था कि उस रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने में कठिनाइयां हुईं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें उन व्यक्तियों की गिरफ्तारी और उन संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी जो कि राजपक्षे के समर्थक थे।

### आरोपों के जवाब में राजपक्षे ने क्या कहा?

इसके जवाब में गोटाबाया राजपक्षे ने कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि राष्ट्रपति आयोग की रिपोर्ट मुझे सौंपे जाने के बाद मैंने कार्डिनल से फोन पर बात नहीं की। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के किसी भी संगठन में मेरा कोई सहयोगी नहीं हो सकता है, जिसे ईस्टर संडे ब्लास्ट के लिए प्रतिबंधित करने की आवश्यकता होगी।



### कार्डिनल रंजीथ के हर आरोप का किया खंडन

राजपक्षे ने कार्डिनल रंजीथ के उस आरोप का भी खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि पूर्व राष्ट्पति ने कार्डिनल को राष्ट्पति आयोग की रिपोर्ट के पहले संस्करण की कॉपी देने में देरी की थी।

इसके जवाब में राजपक्षे ने कहा कि राष्ट्रपति आयोग की रिपोर्ट मुझे एक फरवरी 2021 को मिली थी। इसके बाद इस प्रति को अटॉर्नी जनरल को सौंपा गया और 23 फरवरी 2021 को इसे संसद के अध्यक्ष को सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक मार्च को कैथोलिक बिशप समेत सभी संबंधित लोगों को यह कॉपी दे दी गई थी। ऐसे में कार्डिनल रंजीथ के पास इस कॉपी के देरी से पहुंचने का सवाल ही नहीं उठता।

### क्या राजपक्षे ने जांच में जुटे अधिकारियों का तबादला किया?

राजपक्षे ने उन आरोपों का भी खंडन किया कि उन्होंने ईस्टर संडे हमलों की जांच कर रहे सीआईडी अधिकारियों का तबादला कर दिया था और एक वरिष्ठ अधिकारी को जेल में भी डाल दिया था।

राजपक्षे ने कहा कि अपराधियों को राजनेताओं द्वारा नहीं बल्कि पुलिस और न्यापालिका द्वारा कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब तक 93 लोग आत्मघाती बम विस्फोटों से संबंधित अपराधों के लिए अदालत में कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं।

### मामले में सीआईडी पर भी लगे हैं आरोप

उधर श्रीलंका की एक स्थानीय न्यूज एजेंसी ने कहा है कि सीआईडी द्वारा हमलों से पहले तक उन्हीं व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच की जा रही थी, जिन्होंने आत्मघाती बम विस्फोट किए थे। इसके बाद भी एजेंसी आतंकवादियों को हमला करने से पहले पकड़ने में नाकामयाब रही।

CMYK

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना | कोरिया-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर ,शुक्रवार 26 अप्रैल 2024


# क्या असफाक उल्लाह अपने व्यवसाय की जानकारी करेंगे साझा व सार्वजनिक,आखिर क्या है उनका व्यवसाय जिसमे हैं इतना लाभ ?








6 महीने वाले व्यापार में इतना मुनाफा कैसे की करोड़ की संपत्ति हो गई अर्जित ?

घटती-घटना 21 अप्रैल 2024 को प्रकाशित खबर

- पत्रकार की खबर प्रकाशन को लेकर कर चुके हैं शिकायत,छवि धूमिल होने की कह चुके हैं बात
- यदि पत्रकार की खबर से छवि हुई धूमिल और उनका व्यवसाय है जायज,तो उन्हे व्यवसाय को लेकर करना चाहिए खुलासा...
- खुद जल्द अमीर बनना और औरों को भी अमीर बनाना कैसे है उनके लिए आसान...बताएं असफाक उल्लाह ?
- यदि असफाक उल्लाह के पास बेरोजगारी दूर करने का कोई नया तरीका है तो बन सकते हैं लोगों के लिए भी वह प्रेरणा लेकिन क्या वह बताएंगे अपना सफलता का तरीका ?
- कई ऐसे लोग हैं जो दिमाग का उपयोग कर ईमानदारी के साथ व्यवसाय कर रहे हैं और लोगों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं पर क्या असफाक उल्लाह ऐसा कर रहे हैं ?
- असफाक के पास पुश्तैनी जमीन हो सकती है पर क्या उनके पास पुश्तैनी पैसा भी था जिससे उन्होंने करोड़ों का दुकान तैयार किया ?
- असफाक उल्लाह के 6 महीने वाले व्यापार के मुनाफा का क्या है राज...कैसे करोड़ की संपत्ति हो गई अर्जित ?


शिवा के करोड़पति बनने का राज पता करने जुटी सारंगढ़ पुलिस...असफाक के करोड़पति होने का राज क्या है नही पता करना चाहती सूरजपुर पुलिस ?

घटती-घटना 30 मार्च 2024 को प्रकाशित खबर


अवैध तरीके से पैसा दुगना करने वाला व ठगी का सस्ता इश्तिहार करने वाला फेक उल्लाह की होगी आलीशान शादी...खर्च होंगी मोटी रकम..?

घटती-घटना 05 अप्रैल 2024 को प्रकाशित खबर


कौन है असफाक उल्लाह जिनके ऊपर लोग विश्वास करके अपना करोड़ों रुपए दांव पर लगा रहे हैं ?

घटती-घटना 04 मार्च 2024 को प्रकाशित खबर

- रवि सिंह -

अम्बिकापुर/सूरजपुर 25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। सबसे कम समय में करोड़पति बनना कहीं आसान है तो वह है एक टीवी शो में जहां केवल कुछ प्रश्नों का जवाब देकर कोई भी करोड़पति बन सकता है बस उसे करना यह होता है की वहां सवाल देने वाली कुर्सी तक पहुंचने के लिए उसे मशकक्त करना पड़ता है और कहा जाए तो वहां पहुंचना भी आसान नहीं वहीं सभी प्रश्नों का सही उत्तर देकर पहुंचने वाले सभी का करोड़पति बनना भी आसान नहीं, वहीं कहा जाए तो उसके अलावा कहीं और जल्द से जल्द करोड़पति बनना आसान नहीं है लेकिन सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले के एक छोटे से गांव में हर किसी को एक व्यक्ति करोड़पति बनाने का दावा कर रहा है और जिसके लिए वह उनसे पहले पैसा लेकर अपने पास निवेश करा रहा है फिर वह उन्हे करोड़पति बनाने का दावा कर रहा है जो सूत्रों का कहना है वैसे वह खुद भी कम ही समय में काफी बड़ा पैसेवाला व्यक्ति बन गया है और जिसे देखकर अन्य लोगों को भी उसके ऊपर विश्वास होता जा रहा है और लोग उसके पास निवेश कर रहे हैं और वह उनके पैसे को दुगना करने सहित उन्हे महंगे तोहफे देने की बात कर रहा है। वैसे सूत्रों के अनुसार मामला चिटफंड या सट्टे जैसे किसी कारोबार से जुड़ा हुआ है या किसी अन्य देश से इस व्यवसाय के तार जुड़े हैं जिसकी जांच होनी चाहिए क्योंकि उनका मानना है की जिस तेजी से यह व्यवसाय बढ़ रहा है जिस तेजी से इस व्यवसाय में असफाक उल्लाह पैसे वाला बना है महंगी गाड़ियों जिसमे विदेशी गाडियां भी हैं के साथ भारत में निर्मित महंगी गाडियां भी शामिल हैं कहा जा सकता है की यह व्यवसाय आम कोई व्यवसाय नहीं है।

घटती घटना ने पूरे मामले में उन जांच एजेंसियों को ध्यान दिलाने व जांच कर सच्चाई जानने के लिए सूचना देने का प्रयास किया- बताया जाता है की महंगी गाड़ियों के साथ असफाक उल्लाह कई और संपत्ति अर्जित कर चुका है। वैसे इस मामले में घटती घटना ने कई बार खबर प्रकाशन किया वहीं घटती घटना ने यह सवाल खड़ा किया की कैसे एक व्यक्ति मात्र कुछ महीनों में ही करोड़पति बन गया? उसने कैसे कम समय में अधिक संपत्ति अर्जित कर ली महंगी विदेशी गाड़ियों का भी काफिला खड़ा कर लिया, कैसे वह दूसरों को भी करोड़पति बनाने का दावा कर रहा है उन्हे निवेश करने की बात कहकर उन्हे निश्चित मुनाफा देने की बात कर रहा है जो बड़ा मुनाफा है, निवेश के मुकाबले, कुल मिलाकर घटती घटना ने पूरे मामले में उन जांच एजेंसियों को मामले में ध्यान देने जांच कर सच्चाई जानने के लिए सूचना देने का प्रयास किया जो आय से अधिक या गलत किसी व्यवसाय मामले में जांच के लिए जिम्मेदार विभाग होते हैं जो गलत कार्यों की जांच कर उचित कार्यवाही करते हैं,वहीं घटती घटना की खबर से कोई जांच एजेंसी भले ही सक्रिय न हुई हो जांच के लिए उसने भले ध्यान न दिया हो गलत ही सही व्यवसाय पर अंकुश लगाने का प्रयास भले न किया हो जबकि इस मामले में यह बताया जा रहा है लोग अपनी जीवन भर की कमाई असफाक उल्लाह के पास निवेश कर मोटा मुनाफा लेने का लालच कर रहे हैं और वह सभी को मोटा मुनाफा कहां से देता रहेगा यह बड़ा सवाल है फिर भी जांच एजेंसी मौन हैं जिम्मेदार कार्यवाही से बच रहे हैं।

## समाचार पढ़कर पुलिस ने भले ही जांचा न की हो लेकिन असफाक उल्लाह की एक शिकायत पर जांचा शुरू ?

वहीं खुद असफाक उल्लाह ने तो पत्रकार की ही शिकायत पुलिस से कर दी है और अपनी छवि धूमिल होने की बात समाचारों से होने की बात कर पत्रकार पर कार्यवाही की मांग की है, वहीं असफाक उल्लाह के पास कम समय में अथाह संपत्ति धन महंगी विदेशी गाडियां महंगा कार्यालय कहां से आया इसकी जांच भले ही समाचार पढ़कर पुलिस ने न की हो लेकिन असफाक उल्लाह की एक शिकायत जो समाचारों को लेकर की गई जो समाचार उसके अज्ञात व्यवसाय को लेकर की गई थी के लिए पुलिस तत्पर नजर आई और उसने तत्काल पत्रकार के लिए नोटिस भेज दिया जिसमे पत्रकार को जवाब देना पड़ा की उसने खबर का प्रकाशन क्यों किया जबकि पत्रकार ने वही किया जो पत्रकारिता का धर्म था सूचना पर सूत्रों की उसने खबर प्रकाशित कर केवल यह प्रयास किया की असफाक उल्लाह के गुप्त व्यवसाय की जांच हो और दूध का दूध और पानी का पानी हो। वैसे पत्रकार ने नोटिस का जवाब दे दिया है और अब असफाक उल्लाह को भी सामने आकर यह बताना चाहिए की उसकी छवि खराब हुई तो क्यों और कैसे हुई? उसकी बढ़ती संपत्ति और उसके आय का क्या जरिया है? और उसके पास पैसे की नकद क्या आवक है जो उसके पास आज अरबों की संपत्ति इकट्ठी होने को है जिसमे महंगी विदेशी गाडियां भी हैं। हो सकता है कुछ या अधिकांश संपत्तियां असफाक उल्लाह की अन्य परिवार के सदस्यों के नाम से हों फिर भी जांच हुई तो सब स्पष्ट हो जाएगा और वैसे तो असफाक उल्लाह को ही बताना चाहिए की उसकी कौन सी जायज व्यवसाय को लेकर खबर का प्रकाशन हुआ और जिसमे उसकी छवि धूमिल हुई।


क्या फेक उल्लाह की सगाई वाली अंगूठी थी हीरे की ?

घटती-घटना 16 अप्रैल 2024 को प्रकाशित खबर

## क्या पुश्तैनी जमीन बेचकर बनाया दुकान और खरीदा बीएमडब्ल्यू कार ?

असफाक उल्लाह के पूरे मामले को लेकर पुलिस को उनके द्वारा तर्क दिया गया है कि उनके पास पुश्तैनी जमीन है और पुराना कपड़े का व्यवसाय था वह शुरू से ही अमीर व्यक्ति हैं पर सवाल यह उठता है कि क्या पुश्तैनी जमीन को बेचकर इन्होंने करोड़ों की दुकान तैयार की या फिर पुश्तैनी पैसा भी इनके पास कहीं गड़ा हुआ था? पुश्तैनी जमीन होना समझ में आता है पर क्या पुश्तैनी पैसा भी था? जिसे उन्होंने करोड़ों की हार्डवेयर दुकान डाली और कंस्ट्रक्शन के साथ उसमें सामान भी लगाया? और यदि इन्होने लोन लेकर दुकान बनाया तो आखिर कितना लोन लिया? क्योंकि दुकान देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह दुकान कंस्ट्रक्शन हुआ उसके अंदर के समान सहित चार-पांच करोड़ की है पर ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर लोन कितना मिला? सवाल व जांच के तथ्य काफी है पर जांच करने की जहमत उठाएं कौन? असफाक उल्लाह की दुकान और उसके सामान की ही कीमती सूत्रों के अनुसार कई करोड़ की है। वैसे यदि यह उनका पुस्तैनी पैसा है तो क्या इसका कर उन्होंने चुकाया है?

## असफाक की 1 साल पहले हुई थी शिकायत

1 साल पहले समस्त ग्रामीण के नाम से शिकायत भी हुई थी जिसमें पुलिस जांच करने गई थी पर व्यवसाय करने वाले इतने शातिर थे की पंचायत सहित कई ग्रामीण का कथन अपने तरफ से दिला कर मामले का पटाक्षेप कर दिया गया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी भी उसे मामले को पटाक्षेप करने में शामिल, उसमें से एक पुलिसकर्मी तो आज भी जयनगर थाना में पदस्थ है जो उनके काफी नजदीकी हैं और उन्हें मामले से बचने की सलाह व तरकीब बताते हैं। अधिकारियों को मैनेज करते हैं। जिस दिन कोई ईमानदार अधिकारी इस मामले की जांच कर दिया उसे दिन कार्यवाही सुनिश्चित है।

## कितना चुकाते हैं कर,यह भी है जांच का विषय

असफाक उल्लाह वर्ष में कितना कर चुकाते हैं यह भी जांच का विषय है। असफाक उल्लाह के बारे में बताया जाता है की वह महंगी विदेशी गाड़ियों के शौकीन हैं भारत मे निर्मित महंगी गाडियां भी उनके पास हैं, इस कम समय में उन्होंने और भी संपत्ति अर्जित की है,उनका दुकान और उसका सामान ही कई करोड़ों का है उनका दौरा और प्रतिदिन का खर्च भी बहोत अधिक है ऐसे में वह कितना कर चुकाते हैं इसकी जांच होनी चाहिए। वह आयकर, वाणिज्यकर को लेकर किस स्तर का भुगतान करते हैं यह महत्वपूर्ण हो जाता है उनके विषय में जांच के दौरान क्योंकि वह काफी ज्यादा आर्थिक संपन्न हैं और प्रतिदिन उनके पास अच्छी आवक है जो नकद है। वैसे काम यह जांच एजेंसियों का है वह जांच करती हैं की नहीं यह उनका विषय है, घटती घटना ने केवल इसलिए समाचार का प्रकाशन किया था और आगे करता रहेगा क्योंकि इस मामले में घटती घटना को जो जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है उसके अनुसार असफाक उल्लाह का पूरा व्यवसाय चिटफंड जैसा है जिसमे लोगों को पैसा दुगना करने का लालच दिया जाता है और लोग उसी लालच में फंसकर उसके पास अपनी जीवन भर की कमाई लगाते हैं और आज नहीं तो कल यह चिटफंड व्यवसाय बंद होगा और लोगों का पैसा डूबेगा तब हाय तौबा मचेगी जैसा पहले भी हुआ था तब कोई जिम्मेदार विभाग जिम्मेदारी नहीं लेगा और लोगों का पैसा डूब चुका होगा।

## असफाक उल्लाह को अपने व्यवसाय की सच्चाई खुद आय व्यय संपत्ति के अर्जित करने के ब्यौरे सहित करना चाहिए प्रस्तुत

असफाक उल्लाह ने पत्रकार को समाचार प्रकाशन मामले में पुलिस से नोटिस भिजवाया और फिर पत्रकार को जाकर पुलिस को जवाब देना पड़ा,वहीं उसने पुलिस के समक्ष यह शिकायत की है की उसकी छवि धूमिल हुई है समाचारों के प्रकाशन के बाद।अब इस मामले में असफाक उल्लाह को एक काम और करना चाहिए,उसे अपनी संपत्ति और अर्जित करने का समय सहित सभी ब्यौरे सार्वजनिक करना चाहिए,वह कितना आय अर्जित करता है,उसका मुख्य व्यवसाय क्या है उसकी प्रतिदिन की आय क्या है वहीं उसके कम समय में इतनी संपत्ति अर्जित करने के पीछे का क्या राज है। वह पूरी तरह जैसे ही आय व्यय का संपत्ति का ब्यौरा दे देगा वैसे ही यह साफ हो जाएगा की उसकी संपत्ति और उसकी आय जायज ही सही है और फिर मामले में फिर सवाल नहीं उठेंगे,वैसे केवल कहने से ही उसके व्यवसाय को सही नहीं माना जायेगा। उसके व्यवसाय को तभी सही माना जायेगा जब यह वह खुद सार्वजनिक करने समाने आयेंगे की उनके आय का जरिया क्या है और वह दूसरों को कैसे पैसा दुगना करके देते हैं।

## पत्रकार भी करेगा असफाक उल्लाह की शिकायत,मांगेगा आय व्यय संपत्ति की जानकारी

असफाक उल्लाह ने पत्रकार की शिकायत की और उसे पुलिस से नोटिस भिजवाया। पत्रकार ने नोटिस का जवाब दे दिया। अब पत्रकार असफाक उल्लाह की संपत्ति, आय व्यय की जानकारी को लेकर मांग करेगा शिकायत करेगा और कार्यवाही करने आवाज बुलंद करेगा। बताया जाता है की असफाक उल्लाह के विरुद्ध केवल इसीलिए जांच नहीं हो रही है क्योंकि उसकी शिकायत कोई नहीं कर रहा है वहीं पत्रकार की शिकायत के बाद जांच होती है की नहीं यह देखने वाली बात होगी।

## दैनिक घटती घटना की एक ही मांग है, असफाक उल्लाह के मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी करे

एक साल पहले असफाक उल्लाह की बढ़ती संपत्ति और उसके चिटफंड व्यवसाय की जांच हुई थी जो समस्त ग्रामवासियों की शिकायत के आधार पर हुई थी। उस समय शरीर तरीके से पंचायत एवम कई ग्रामीणों का कथन अपनी तरफ से ही दिलवाकर मामले को दबा दिया गया था। उस समय कुछ पुलिसकर्मी भी इस मामले में सहयोगी बने थे जिसमे से ही एक पुलिसकर्मी आज भी जयनगर पुलिस थाने में पदस्थ है और संबंधित को बचने की सलाह वही प्रदान करता है। वहीं अधिकारियों से तालमेल बिठाने का काम भी उसी के जिम्मे हैं। वैसे जिस दिन असफाक उल्लाह के मामले की जांच कोई ईमानदार अधिकारी करेगा उस दिन ही इस मामले में बड़े खेल का पोल खुल सकेगा।


क्या असफाक उल्लाह के कारोबार का पता लगा पाएगी स्वतंत्र जांच एजेंसियां ?

घटती-घटना 07 मार्च 2024 को प्रकाशित खबर


क्या अशफाक उल्लाह के अचानक करोड़पति बनने का रहस्य पुलिस प्रशासन सहित जांच एजेंसियां पता कर पाएंगी ?

घटती-घटना 20 मार्च 2024 को प्रकाशित खबर

## असफाक उल्लाह के कारोबार से जुड़े हुए कुछ सवाल

**सवाल:** जिले से लेकर संभाग के अधिकांश लोगों को फेक उल्लाह के कारोबार की है जानकारी फिर जांच एजेंसीयों तक क्यों नहीं पहुंच रही है जानकारी?

**सवाल:** जीएसटी, आईटी, ईओडब्ल्यू व ईडी पता कर पाएगी 6 महीने वाले व्यापार में होने वाली कई गुनी कमाई के राज को?

**सवाल:** क्या कोई है जो फेक उल्लाह के आय से ज्यादा संपत्ति के मामले की जांच कर अवैध कारोबार का भंडाफोड़ कर सके?

**सवाल:** उल्लाह को कौन सी ताकत है जो बचा रखी है...कारोबार हार्डवेयर दुकान का पर चर्चा लोगों के पैसा दुगना करने की कैसे?

**सवाल:** 6 महीने पहले व्यापार के प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन और 6 महीने में ही कैसे बन गए नगर सेठ?...कई दशकों से व्यापार करने वाले क्यों है फेक उल्लाह के दीवाने?

**सवाल:** नए-नए व्यापार में कदम रखने वाले पुराने व्यापारियों को अपने चरण में झुकाने में हुए कामयाब आखिर क्या है इसका राज?

**सवाल:** जिले में कई व्यापारी जिनकी संचालित है हार्डवेयर की दुकान लेकिन 6 महीने वाले हार्डवेयर की दुकान की कमाई सभी व्यापारियों से ज्यादा कैसे?

**सवाल:** क्या हार्डवेयर दुकान के पीछे चल रहा है फेक उल्लाह के अवैध कारोबार का गोरख धंधा?

**सवाल:** हार्डवेयर दुकान में नहीं पहुंचते ग्राहक फिर भी उनकी दूसरी कमाई के चर्चे हार्डवेयर दुकान से ज्यादा कैसे?

**सवाल:** क्या अब पत्रकार खुद बना पड़ेगा शिकायतकर्ता और मांग करेगा फेक उल्लाह के अवैध कारोबार की जांच की?

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
कोरिया-एमसीबी-सूरजपुर-कोरबा-समाचार
अम्बिकापुर ,शुक्रवार 26 अप्रैल 2024



# सहायक उप निरीक्षक ने सोशल मीडिया में साझा की तस्वीर


## तस्वीर में राजनीतिक दल का मंच साथ ही राजनीतिक चिन्ह दिख रहा स्पष्ट

» सहायक उप निरीक्षक ने सोशल मीडिया में साझा की तस्वीर,तस्वीर में राजनीतिक दल का मंच साथ ही राजनीतिक चिन्ह दिख रहा स्पष्ट

» प्रधानमंत्री के अंबिकापुर आगमन के दौरान के पूर्व की है सहायक उप निरीक्षक की वह तस्वीर जिसे उन्होंने किया है सोशल मिडिया में साझा

» क्या सूरजपुर जिले के पुलिस विभाग के उक्त सहायक उप निरीक्षक पर पुलिस विभाग करेगा कार्यवाही,अन्य विभाग में हो जाती तत्काल कार्यवाही ?

» आदर्श आचार संहिता के दौरान सहायक उप निरीक्षक ने सोशल मीडिया पर साझा की है तस्वीर,तस्वीर में पीछे है राजनीतिक दल का बैनर पोस्टर और मंच




- ओंकार पाण्डेय -
सुरजपुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लगाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग के वैसे तो कई उद्देश्य होते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख उद्देश्य यह होता है की शासकीय कर्मचारी इस दौरान निस्पक्ष बने रहें और निर्वाचन कार्य निष्पक्षता के साथ संपन्न कराएं। शासकीय कर्मचारी किसी राजनीतिक सभा में न जाएं,वहां का हिस्सा बने प्रचार प्रसार में शामिल न हों वहीं वह निर्वाचन में चुनाव और मतदान के दौरान भी यह व्यवहार कायम रखें यह मुख्य उद्देश्य होता है आदर्श आचार संहिता का और वहीं इसका उलंघन यदि कोई भी शासकीय कर्मचारी करता है उसके विरुद्ध निर्वाचन आयोग तत्काल कार्यवाही करता है जो हमेशा देखने को मिलता है जहां निर्वाचन कार्य में लापरवाही की बात हो या फिर राजनीतिक दलों के पक्ष में जाने अनजाने कुछ कह जाने प्रदर्शित कर जाने का मामला हो कार्यवाही होती रही है कर्मचारियों पर जिससे त्रुटि होती है। ऐसा ही एक मामला सूरजपुर जिले के एक पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक का समाने आया है जिसमे उसने सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीर साझा कर दी है जिसको लेकर यह कहा जा सकता है की उसके द्वारा आदर्श आचार संहिता का उलंघन किया गया है।

बताया जाता है की जिस सहायक उप निरीक्षक ने यह गलती की है आदर्श आचार संहिता का उलंघन किया है वह सूरजपुर कोतवाली में ही पदस्थ है और उसकी ड्यूटी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के लिए अंबिकापुर में लगाई गई थी वहीं वह वहां प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व तैयारियों के दौरान भी वहीं था और उसी दौरान उसने भाजपा के मंच के समीप खड़े होकर भाजपा के चुनावी मंच की तस्वीर खींच ली वहीं उसे सोशल मिडिया पर साझा भी कर दिया। साझा की गई तस्वीर में भाजपा का लक्ष्य चुनाव का लिखा नजर आ रहा है प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं की तस्वीर नजर आ रही है और इसे बड़ी भूल सहायक उप निरीक्षक की मानी जायेगी क्योंकि किसी भी हाल में उन्हे लोक सेवक के कर्तव्य का पालन करना था और ऐसी तस्वीर आदर्श आचार संहिता के दौरान साझा नहीं करना था। वैसे पुलिस सेवा ऐसी सेवा है शासकीय जहां सेवक को आदर्श आचार संहिता के दौरान भी नेताओं की सुरक्षा के लिए नियुक्त होना पड़ता है कार्य करना पड़ता है लेकिन इसके बावजूद भी उन्हे किसी दल नेता के पक्ष में कुछ कहने सुनने से मनाही होती है।

### क्या सूरजपुर सहायक उप निरीक्षक ने की बड़ी गलती...आदर्श आचार संहिता के दौरान सोशल मिडिया पोस्ट पर भाजपा का चिन्ह प्रधानमंत्री की अन्य नेताओं के साथ तस्वीर ?

वैसे सूरजपुर के उक्त सहायक उप निरीक्षक ने बड़ी गलती की है आदर्श आचार संहिता के दौरान उनके सोशल मिडिया पोस्ट पर भाजपा का चिन्ह प्रधानमंत्री की अन्य नेताओं के साथ तस्वीर और भाजपा का चुनाव में लक्ष्य क्या है साफ पढ़ा जा सकता है और जिसे निश्चित रूप से सहायक उप निरीक्षक की तरफ से एक समर्थन या उनकी सहमति मानना उनकी तरफ से भाजपा का प्रचार करना मानना होगा क्योंकि उन्होंने ऐसा करते समय यह ध्यान नहीं दिया की वह शासकीय सेवक होकर ऐसा कर रहे हैं। वैसे अन्य विभाग के किसी कर्मचारी की ऐसी गलती पर तत्काल कार्यवाही होती लेकिन अब देखना यह है की पुलिस विभाग सूरजपुर या सरगुजा संभाग क्या कार्यवाही करता है। वैसे प्रधानमंत्री के आगमन पर केवल उक्त सहायक उप निरीक्षक की ही ड्यूटी नही लगी थी, उसके अलावा अनेकों नेक पुलिस कर्मी ड्यूटी में रत थे लेकिन तस्वीर साझा करने में पार्टी चिन्ह की केवल सहायक उप निरीक्षक ने ही तत्परता दिखाई। वैसे उक्त सहायक उप निरीक्षक का नाम अरुण गुप्ता बताया जा रहा है और कोतवाली सूरजपुर में पदस्थ हैं यह बताया जा रहा है। वैसे अब पुलिस विभाग अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए क्या उक्त सहायक उप निरीक्षक पर कार्यवाही करता है यह देखने वाली बात होगी। वैसे कई अन्य पुलिसकर्मियों ने भी उक्त दिवस की तस्वीर साझा की है लेकिन सहायक उप निरीक्षक के अलावा किसी में पार्टी चिन्ह चुनाव में पार्टी का लक्ष्य क्या है साथ ही मंच के साथ अपनी तस्वीर साझा नहीं की है।

### क्या सहायक उप निरीक्षक ने आदर्श आचार संहिता का उलंघन किया है ?

सहायक उप निरीक्षक ने आदर्श आचार संहिता का उलंघन किया है जिसको लेकर पुलिस विभाग कार्यवाही करे न करे जिला निर्वाचन अधिकारी भी कार्यवाही कर सकते हैं और देखना है की वह जिस तत्परता से अन्य विभाग के कर्मचारियों की छोटी गलतियों पर कार्यवाही करते हैं इस मामले में कार्यवाही करते हैं की नहीं। वैसे पुलिस विभाग को लेकर माना जाता है की यह विभाग अपने अनुशासन के लिए जाना जाता है ऐसे में यदि पुलिस विभाग के ही कर्मचारी अनुशासन जो आदर्श आचार संहिता को लेकर अनुशासन कहा जा सकता है तोड़ता है तो कहा जा सकता है यह बड़ा मामला है जो साबित करता है की अनुशासन में कमी कहीं न कहीं हुई है।

# नकाबपोशों ने बंदूक दिखाकर शराब दुकान को बनाया निशाना,ले उड़े दुकान में रखे रकम

- संवाददाता -
कोरबा, 25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



जिले के पाली क्षेत्र में कुछ नकाबपोशों ने बीती रात पाली स्थित शराब दुकान को बनाया अपना निशाना और बंदूक की नोक पर ले उड़े दो लाख 93 हजार रुपए । बताया जा रहा यह घटना रात को दुकान बंद करन के समय का है, जब नेशनल हाईवे से करीब आधा किलोमीटर दूर आईटीआई के पास सरकारी देसी और अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है। बुधवार की रात करीब 9.00 बजे यहां एक बाइक में सवार होकर तीन व्यक्ति नकाब पहने पहुंचे। उसी वक्त सुरक्षा कर्मी के अलावा सेल्समैन व सुपरवाइजर दुकान में मौजूद थे। पहले तो कर्मचारियों को लगा कि शराब खरीदने पहुंचे हैं, पर अचानक चेहरे पर गमछा बांधे एक आरोपित ने बंदूक निकाल लिया। सबको धमकाते हुए कहा कि चुपचाप दराज में रखे दिन भर की बिक्री रकम उसके हवाले कर दे। आपात स्थिति को भांपते हुए सभी सकते में आ गए और लुटेरे जैसा कह रहे हैं वैसा ही करने में अपनी भलाई समझा। एक लुटेरा बंदूक ताने खड़ा रहा और उसके दो अन्य साथी दुकान के दराज से बैग में रुपए समेटने लगे। रुपए लूटने के बाद सभी आरोपित एक साथ बाइक में बैठकर नेशनल हाईवे की ओर भागे। घटना की सूचना मिलने पर पाली पुलिस मौके पर पहुंची और जान पड़ताल शुरू की। शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में लूट की पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि आरोपित कटघोरा की दिशा में लूट की घटना को अंजाम देने के बाद भागे। कर्मचारियों के अनुसार पूरे दिन की दो लाख 93 हजार रुपए रखे थे जिसे लुटेरे अपने साथ ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, लेकिन खराब क्वालिटी व आरोपितों का चेहरा ढका होने की वजह से पहचान करने में परेशानी हो रही है। बहरहाल पुलिस ने लूट का मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपितों की पतासाजी में जुट गई । बता दें के यह लूट पुलिस के लिए भी एक चुनौती है क्योंकि इसके पूर्व गोपालपुर स्थित देसी शराब दुकान में बंदूक की नोक पर ठीक इसी तरीके का इस्तेमाल कर आरोपितों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। मामले को तो पुलिस ने सूझ बुझ से सुलझा लिया, पर एक बार फिर से उसी तरह का घटना को अंजाम देना पुलिस विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले वासियों के लिए नेवता पाती के माध्यम से मतदान दिवस के लिए किया आमंत्रित







» 07 मई मतदान तिथि पर बढ़ चढ़कर मतदान की प्रक्रिया में मतदाता लें हिस्सा

- संवाददाता -
सूरजपुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने आज जिले वासियों को नेवता पाती के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव 2024 में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और शत प्रतिशत मतदान के लिए आमंत्रित किया है। सूरजपुर लोकसभा क्षेत्र सरगुजा के अंतर्गत आता है, जिसके लिए 7 मई में मतदान तिथि का निर्धारण किया गया है। नेवता पाती के माध्यम से जिले के सभी मतदाता से आह्वान किया जा रहा है कि सभी पात्र नागरिक अपने मतदान केंद्र पर जाकर, ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता का प्रदर्शन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी से अपील की है कि 7 मई 2024 दिन मंगलवार को सभी अपने तय मतदान केंद्र पर निर्धारित समय में पहुंचकर मतदान करें। मतदाता मतदान केंद्र में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय ऑफिशल आईडी कार्ड लेकर पहुंचे ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने स्वयं के साथ अपने परिवार के अन्य सदस्य और आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही ताकि सभी को एक बेहतर और सशक्त लोकतंत्र की प्राप्ति हो सके।

# पुलिस कर्मी ने शराब के नशे में ड्राइविंग करते हुए कार को मारी जोरदार टक्कर, हुआ क्षतिग्रस्त





- राजा मुखर्जी -
कोरबा,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले में एक ओर जहां पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा लगातार सजग अभियान के तहत लोगों को ड्रिंक एंड ड्राइव करने से बचने को कह रही है वहीं कुछ पुलिस कर्मी हैं जो अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे एवं उनके आदतों के चलते पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा जो अभियान लोगों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा उसे इन पुलिस कर्मियों के हरकतों से चलते पुलिस के कार्यों में प्रश्न चिन्ह लगने लगा है । ऐसा एक वाक्य बीती रात ट्रांसपोर्ट नगर चौक में सामने आया, जहां एक पुलिस कर्मी चंदन यादव ने नशे की हालत में कार चलाते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास सुनील दास महंत नमक व्यक्ति के कार को मार दी जोरदार टक्कर । जिससे कार का सामने हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया । इस घटना के घटते ही आस पास के लोगों ने पुलिस आरक्षक चंदन यादव को पकड़ा जिसपर पुलिस आरक्षक ने पुलिस का धौंस दिखाते हुए बहस करने लगा,पर जब आस पास के लोगों ने हादसे को लेकर हंगामा करने लगे तब आरक्षक ने अपनी गलती मानी । बताया जा रहा है के सुनील दास महंत चांपा से शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस कोरबा लौट रहा था,इसी बीच टीपी नगर चौक के पास पुलिस आरक्षक चंदन यादव ने सुनील की कार को जबरदस्त टक्कर मार दी । जिस युवक की कार क्षतिग्रस्त हुई है वह चाहता है,कि उसकी कार की मरम्मत की जाए और आरक्षक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो,क्योंकि अगर पुलिस ही अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं करेंगे तो फिर क्या उम्मीद जनता से की जाएगी ।

# सरगुजा पुलिस द्वारा नियमों की अवहेलना करने वाले पर किया गया समन शुल्क वसूल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले वाहन चालकों पर सखूती से कार्यवाही करते हुए कुल 38 प्रकरण दर्ज कर 48400/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

कार्यवाही के दौरान रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 13 प्रकरण दर्ज कर 3900/- रुपये समन शुल्क किया गया हैं, वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 900/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, साथ ही अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 19 प्रकरण दर्ज कर 42300/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

» वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 900/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल

» दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने के मामलो मे कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल

» अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 19 प्रकरण दर्ज कर 42300/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल

सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमो का पालन करें, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# भाजपा ने जो कहा वो कर दिखाया : सुश्री सरोज पांडेय

- संवाददाता -
कोरबा, 25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से जो भी वायदे किए उसे पूरा कर दिखाया है । यह बात उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में आमजनों को संबोधित करते हुए कहा । उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने जो भी प्रमुख वायदे पूर्व में किए थे उन्हें पूरा किया है। इनमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर बनवाना और तीन तलाक पर कानून बनाना शामिल है । ये वो महत्वपूर्ण फैसले हैं जो कल्पना से भी परे था । इसी तरह देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति सदस्य 05 किलो मुफ्त चावल दिया जाना, ढाई अरब से अधिक लोगों को मुफ्त कोरोना टीका लगवाना और हाल ही में ट्ट कानून पारित कराना भी केंद्र सरकार के मजबूत इरादों को दर्शाता है।

विधानसभा चुनाव 2023 के समय प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास देने, 3100 की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने और महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रु देने का जो वायदा किया था उसे भी पूरा कर दिखाया है । इसी कड़ी में तेंदू संग्रहण प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़कर 5500 किया गया है। वहीं वनोपज के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है । 25 अप्रैल गुरुवार को मदनपुर गुरमा, गितकुंआरी, बरपाली, जिलगा, बांधापाली, गेरांव और कोरकोमा में आयोजित नुक्कड़ सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए । सभी ने सुश्री सरोज पांडे को समर्थन देते हुए उन्हें जीत के लिए आशीर्वाद दिया । विभिन्न स्थानों में आयोजित इस जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, भाजपा नेता गोपाल मोदी, भोज राम राजवाडे, संतोष अग्रवाल, धनेश्वरी कंवर,

मुख्य रूप से भीम सिंह राठिया सरपंच सिमकेदा विष्णु प्रसाद मँझवार सरपंच अमलडीहा बंशीलाल रमेश्वर सिंह जीतेन्द्र कुमार विकास अग्रवाल बंशीराम,एवं उनके साथियो द्वारा बाइक रैली के साथ लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का स्वागत किया गया, स्वागत के पश्चात गुरमा बड़ झाड़ के निचे नुक्कड सभा किया गया जहाँ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रविभगत, पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कँवर, लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय जी द्वारा नुककड़ सभा मे सम्बोधित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य रूप से गोपाल मोदी,रेणुका राठिया, बृजलाल राठिया, भोजराम राजवादे संतोष अग्रवाल अभिलास वर्मा, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास,संजू वैष्णव,धनंजाय चौहान,जीतेन्द्र अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### गुकेश डी की जीत के बाद एआईसीएफ का बड़ा कदम

## एआईसीएफ विश्व शतरंज चैम्पियनशिप की मेजबानी का करेगा दावा

**नई दिल्ली,25 अप्रैल 2024।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ यानी एआईसीएफके नव निर्वाचित सचिव देव नटेल ने गुरुवार को कहा कि भारत डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल विश्व चैम्पियनशिप मैच की मेजबानी का दावा करेगा। 17 वर्षीय गुकेश टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के सबसे युवा चैलेंजर बने। फिलहाल, विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तारीख और स्थान अभी तय नहीं है।



गुजरात शतरंज संघ के प्रमुख पटेल ने कहा , ''हम फिडे से बात करेंगे। हमें उम्मीद है कि भारत में सर्वश्रेष्ठ विश्व चैम्पियनशिप खेली जायेगी।'' साथ ही उन्होंने कहा ,'' इस समय सबसे अहम लक्ष्य फिडे को विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी का प्रस्ताव देना नहीं बल्कि देश में शतरंज को लोकप्रिय बनाकर इसे अमली जामा पहनाने का है।''पटेल ने कहा कि एआईसीएफ शुक्रवार को इस मसले पर फिडे से बात करेगा। उन्होंने कहा कि मेजबानी के दावेदार प्रदेशों में गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश शामिल है।

# प्लेऑफ की रेस में टॉप पर राजस्थान रॉयल्स



**नई दिल्ली,25 अप्रैल 2024।** आईपीएल 2024 का आधा सफर खत्म हो चुका है जबकि आधा शेष है। हर टीम ने कम से कम 7 मुकाबले खेले हैं। इसके बाद भी प्लेऑफ की तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं हो पाई है। 10 टीमों में से पंजाब और आरसीबी प्लेऑफ से बाहर हो गई हैं हालांकि, इसकी आधारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन अभी अन्य टीमों ने भी प्लेऑफ का टिकट नहीं कटाया है। आईपीएल 2024 के पॉइंट्स टेबल पर नजर डालें तो एक बात तो तय लग रही है कि राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

आरसीबी ने अब तक 8 मैच खेले हैं जिसमें उसे महज एक में जीत नसीब हुई है। अंक तालिका में भी टीम 10वें नंबर पर चल रही है। उसके अब जितने भी मैच शेष हैं अगर टीम उन्हें जीत भी जाएगी तो भी वो प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाएगी। लेकिन आंकड़ों की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अभी भी पूरी तरह से प्लेऑफ की रेस से बाहर नहीं हुई है। चलिए जानें क्या है प्लेऑफ का पूरा समीकरण।

### आरआर-केकेआर प्लेऑफ का टिकट पक्का!

आईपीएल के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ रहा है। दोनों टीमें प्वाइंट्स टेबल पर क्रमश- पहले, दूसरे स्थान पर हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद भी तीसरे नंबर पर काबिज है। हैदराबाद का प्रदर्शन भी बेहतरीन रहा है। टीम ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। चौथे पायदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है। रॉयल्स टीम के लीग स्टेज के 6 मैच बाकी हैं और अगर इसमें से वो 4 मुकाबले भी जीत जाती है और केकेआर, हैदराबाद अपने बाकी बचे 7-7 मैच में से कम से कम 5 जीत जाती है तो इन टीमों के अंक 20-20 अंक हो जाएंगे। राजस्थान अगर मैच जीत लेता है तो उसके 22 अंक हो जाएंगे। ऐसे में इन तीन टीमों के प्लेऑफ में पहुंचना तय है।

चौथे और पांचवें स्थान पर लखनऊ और चेन्नई सुपर किंग्स हैं। इन दोनों टीमों ने अब तक 8-8 मैच खेले हैं। लखनऊ के 5 जीत के साथ 10 अंक हैं। वहीं, चेन्नई के 4 जीत के साथ 8 अंक हैं। दोनों को 6-6 मैच और खेलने हैं। ऐसे में एलएसजी सभी मैच जीतकर ज्यादातर 22 अंक तक आ जाती है। वहीं, सीएसके 20 अंक। ऐसी स्थिति में दोनों टीमें भी प्लेऑफ की रेस में बनीं रहेंगी। इसके बाद नेट रन रेट से आगे का सफर तय होगा।

### आरसीबी की प्लेऑफ की राह मुश्किल

फिलहाल तो आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल है। टीम अगर अपने बाकी बचे 6 मैच जीता जाती है तो फिर उसके पास मौका है, उस समय आरसीबी 14 अंक के सात लीग स्टेज खत्म करेगी। हालांकि, इस स्थिति में बाकी टीमों के नतीजों के भी अपने हक में आने का इंतजार करना पड़ेगा। इस सूरत में आरसीबी बिना रन रेट के प्लेऑफ में पहुंच सकती है।

### पंजाब की डगर नहीं आसान

पंजाब किंग्स का भी बुरा हाल है, टीम आरसीबी की स्थिति से जूझ रही है। टीम ने अभी तक 8 मैचों में से 2 जीते हैं। उसके 4 अंक हैं। अगर पंजाब बाकी बचे 6 मैच भी जीत लेती है तो उसके अधिकतम 16 अंक होंगे। हालांकि, फिर भी दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस जैसी टीमें उसकी राह मुश्किल कर सकती हैं।

दिल्ली, गुजरात के अभी 5-5 मैच बाकी हैं। अगर दोनों टीमें 5 में से 4 मैच भी जीत जाती हैं तो भी इनके 16-16 अंक हो जाएंगे। यानी पंजाब को अपने सभी मैच जीतने होंगे। साफ तौर पर कहा जाए तो टॉप 7 टीमों के पास अभी भी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। ऐसे में अगल हफ्ता प्लेऑफ की रेस के लिहाज से सबसे अहम होगा।

# केएल राहुल,पंत और सैमसन के बीच कड़ी टक्कर

### कौन मारेगा टी20 विश्व कप 2024की दौड़ में बाजी ?

**नई दिल्ली,25 अप्रैल 2024।** टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत जून में होने जा रही है। टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले सभी को इंतजार है कि भारतीय टीम में वर्ल्ड कप के लिए केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन में किसे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिलेगी। तो चलिए जानते हैं टीम इंडिय के लिए आईपीएल 2024 के आंकड़ों के हिसाब से कौन सा विकेटकीपर फिट बैठेगा।



आईपीएल 2024 में अभी तक भारतीय प्रमुख विकेटकीपरों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन तीनों के तरफ से ही अच्छा खेल देखने को मिला है। वहीं पंत आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं तो संजू दूसरे पर हैं। जबकि राहुल का नाम तीसरे नंबर पर दर्ज है।

कार एक्सीडेंट के बाद आईपीएल में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की तरफ से अभी तक बेहद शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। पंत ने इस सीजन आईपीएल में 9 मैचों में 161.31 स्ट्राइक रेट से 342 रन बनाए हैं। अब पंत के इस शानदार प्रदर्शन के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि उनको टी20 वर्ल्ड कप में मौका मिलेगा।

### संजू सैमसन का प्रदर्शन

दूसरी तरफ संजू सैमसन के प्रदर्शन की बात करें तो वह इस सीजन में प्रभावी रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में अभी तक आठ मुकाबले खेले हैं और 152.43 के स्ट्रीक रेट 314 रन जड़े हैं। उनके इस प्रदर्शन के बाद ऐसा लगता है कि उन्हें भी आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है।

### केएल राहुल की लिस्ट में

इस सीजन में केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आठ मैच खेले हैं। जिसमें उनके बल्ले से 141.12 के स्ट्राइक रेट से 302 रन बनाए हैं। देखा जाए तो तीनों की विकेटकीपर तय में नजर आए हैं।



## टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए इंडिया-पाक मुकाबले के लिए रिलीज हुआ प्रोमो

**नई दिल्ली,25 अप्रैल 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रॉडकास्टिंग पार्टनर स्टार स्पोर्ट्स ने गुरुवार को भारत और पाकिस्तान मैच से जुड़ा प्रोमो वीडियो जारी किया। दरअसल, 2 जून से शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ में भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को भिड़ंत होगी। जिसके बाद स्टार स्पोर्ट्स ने इस मैच से पहले प्रोमो शेयर कर सबको उत्साहित कर दिया है। इस प्रोमो में पिछले दो दशकों में अलग-अलग भारत और पाकिस्तान मैच के पलों को शामिल किया गया है। जबकि वीडियो मिस्बाह उल हक के स्कूप शॉट से शुरू हुआ है जिसे श्रीसंत ने पकड़ा था जिसने भारत को 2007 टी20 वर्ल्ड कप पहला ट्रॉफी दिलाया था।



## मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा को हराया

**गोवा,25 अप्रैल 2024।** मुंबई सिटी एफसी ने देर से सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023 में फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच के पहले चरण में 2-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की। .बोरिस सिंह और ब्रैंडन फर्नांडीस के हमलों से संचालित गौर्स को ऐसा लग रहा था कि वे इस अंतिम-चार मैच में एक महत्वपूर्ण जीत हासिल कर लेंगे क्योंकि उन्होंने मैच के 90 वें मिनट तक 2-0 की आरामदायक बढ़त बनाए रखी थी। हालाँकि, यह एक ऐसा खेल था जहाँ दोनों टीमों के इन-फॉर्म सितारे सामने आए और आईएसएल में सबसे प्रतिष्ठित प्लेऑफ़ मैचों में से एक का निर्माण करने के लिए ठोस आउटपुट दिए।




# वरुण धवन के फैंस को मिला सरप्राइज

### फिल्म बेबी जॉन का नया पोस्टर रिलीज

वरुण धवन इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने बेबी जॉन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में वरुण धवन एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने इससे पहले उन्हें इस लुक में नहीं देखा होगा। यही वजह है कि लोग सोशल मीडिया पर इस नए पोस्टर को लेकर जमकर बातचीत कर रहे हैं।फरवरी में फिल्म के नाम की घोषणा होने के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज वरुण धवन के 37वें जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। वरुण के चाहने वालों के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है। दर्शकों को उम्मीद है कि इस फिल्म में उन्हें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा।फिल्म बेबी जॉन के नए पोस्टर को फिल्म के निर्माता मुराद खेतानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिलीज किया है। पोस्टर में वरुण धवन शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इसमें उनके लंबे बाल और दमदार बॉडी को भी साफ देखा जा सकता है। पोस्टर में वरुण धवन बारिश के बीच किसी आदमी की गर्दन को पकड़े हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर गुस्सा झलक रहा है। इस पोस्टर के साथ मुराद खेतानी ने कैप्शन में लिखा, बेबी जॉन की ताकत वरुण धवन को जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। बेबी जॉन जल्द आ रही है।फिल्म का निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है। मुराद खेतानी के साथ-साथ एटली ने भी इसका निर्माण किया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी अभिनय करती नजर आएंगी। बता दें कि बेबी जॉन से अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है।

# विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की द फैमिली स्टार इस तारीख को ओटीटी पर आएगी

प्राइम वीडियो ने आज तेलुगु रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा फिल्म, द फैमिली स्टार के वैश्विक स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित है। दिल राजू और शिरीष ने श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले फिल्म का सह-निर्माण किया है। यह फिल्म भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 26 अप्रैल से तेलुगु और तमिल में स्ट्रीम होगी, इसके बाद मलयालम और कन्नड़ में डब होगी।फैमिली स्टार गोवर्धन (विजय देवरकोंडा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक समर्पित पारिवारिक व्यक्ति है जो महानता हासिल करने की इच्छा रखता है लेकिन उसे एक विस्तारित संयुक्त परिवार का समर्थन करने की ज़िम्मेदारी उठानी पड़ती है। एक दिन उसके जीवन में एक सुखद मोड़ आता है जब एक करिश्माई नई किरायेदार, इंदु (मृणाल ठाकुर) उसके घर और जीवन में प्रवेश करती है। जैसे ही चिंगारियां उड़ने लगती हैं, गोवर्धन और इंदु के बीच एक अप्रत्याशित प्रेम




कहानी विकसित होती है, वे असंख्य स्थितियों, लोगों और मुद्दों से निपटने के लिए मजबूर हो जाते हैं जो उनके रिश्ते में कठिनाइयां पैदा करते रहते हैं। जब इंदु के बारे में एक चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन उन्हें अलग करने की धमकी देता है, तो भाग्य उन्हें एक साथ काम करने और न केवल उसके अतीत बल्कि अप्रत्याशित परिस्थितियों की एक श्रृंखला पर काबू पाने का मौका देता है। क्या वे एक-दूसरे के पास वापस आने का रास्ता खोज लेंगे और क्या प्यार कायम रहेगा? यह प्रश्न द फ़ैमिली स्टार का सार है।अब देवरकोंडा अगली बार वीडी 12 में नजर आएंगे। खबरें हैं कि वह इस फिल्म में पुलिसवाले का किरदार निभा सकते हैं. इसके अलावा, विजय के मैनेजर को केजीएफ निर्देशक प्रशांत नील के साथ भी देखा गया। इसलिए, यह संभव है कि नील अपने अगले निर्देशन के लिए विजय को साइन करना चाहें। दूसरी ओर, मृणाल अगली बार विश्वंभरा में नजर आएंगी। फिल्म में चिरंजीवी और तृषा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की घोषणा भले ही 2023 में की गई हो लेकिन यह अगले साल रिलीज होगी।

## रजनीकांत की जेलर के सिक्वल का हुकुम होगा फिल्म के अगले भाग का नाम




बीते साल सुपरस्टार रजनीकांत फिल्म जेलर में नजर आए। नेल्सन द्वारा निर्देशित जेलर ने अपनी रिलीज के साथ ही इतिहास रच दिया। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जबर्दस्त सफलता हासिल की। इसके साथ ही जेलर तमिल सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। बीते कुछ समय से जेलर के सीक्वल को लेकर अटकलें सामने आ रही हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्देशक नेल्सन बीते कई महीनों से जेलर 2 पर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही रजनीकांत के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के निर्देशक नेल्सन जून से जेलर 2 की तैयारी शुरु कर देंगे। चर्चा है कि जेलर 2 का पहला ड्राफ्ट फाइनल कर लिया गया है। मुथुवेल पांडियन ने फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए एक दमदार सीक्वल तैयार किया है, जिसे लेकर रजनीकांत और सन पिक्चर्स से भी मंजूरी मिल गई है। खबर है कि नेल्सन जून 2024 से इसके प्री-प्रोडक्शन पर काम करना शुरू कर देंगे।कहा जा रहा है कि निर्देशक नेल्सन फिल्म के लिए दो नामों पर विचार कर रहे है। पहला जेलर 2 और दूसरा हुकुम। चर्चा ये भी है कि टीम के ज्यादातर सदस्यों को हुकुम ज्यादा पसंद आ रहा है। वहीं, इस साल के अंत तक फिल्म को फ्लोर पर ले जाने पर विचार किया जा रहा है, तब तक वे रजनीकांत लोकेश कनगराज की थलाइवर 171 की शूटिंग पूरी कर लेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रजनीकांत ने हाल ही में लोकेश कनगराज की फिल्म के प्रोमो की शूटिंग पूरी की, जिसका जल्द ही एलान किया जाएगा। लोकेश कनगराज की इस फिल्म की शूटिंग मई या फिर जून 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। इसे फिल्म को लेकर अभी से तमिल सिनेमा में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## 6 साल से फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी डिमांड में प्रभास



नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2989 ई. अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। निर्माता प्रभास, अमिताभ बच्चन के लुक और टीज़र से अपनी आने वाली फिल्म के लिए लोगों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण कल्कि 2989 एडी की रिलीज को टाल दिया गया है। रिलीज डेट में बदलाव की अटकलों पर मेकर्स ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालाँकि, वे आने वाली नई फिल्म के सेट से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन झलकियाँ छोड़ते रहे हैं। इन सबके बीच कल्कि 2989 एडी की स्टार कास्ट की फीस को लेकर बात करने वाली रिपोर्ट्स सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रभास ने अपनी आखिरी फिल्म आदिपुरुष की असफलता के बाद अपने पारिश्रमिक में बदलाव देखा है। और इसमें कोई कमी नहीं आई है बल्कि प्रभास की फीस बढ़ गई है। हां, आपने उसे सही पढ़ा है। प्रभास इस फिल्म के लिए 150 करोड़ रुपये की भारी-भरकम फीस ले रहे हैं। प्रभास की फीस फिल्म के कुल बजट का 25 प्रतिशत है। कल्कि 2989 ई. में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है। अभिनेता कलाकारों का एक वरिष्ठ सदस्य है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट लुक रिवील किया है. हालांकि, मुख्य अभिनेता की तुलना में दिग्गज की फीस काफी कम है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभास बिग बी से करीब 733 प्रतिशत ज्यादा चार्ज कर रहे हैं। मेगास्टार 18 करोड़ रुपये लेते हैं। दीपिका पादुकोण नाग अश्विन की फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। अपनी आखिरी फिल्म,ऋतिक रोशन और करण सिंह ग्रोवर स्टारर फाइटर के लिए, डीपी ने 15 करोड़ रुपये लिए थे।

एक्ट्रेस की फीस में करीब 33 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कहा जाता है कि कमल हासन कल्कि 2989 ई. में मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्टों के अनुसार फिल्म में उनकी विस्तारित कैमियो भूमिका है। इसके लिए अभिनेता, निर्माता और फिल्म निर्माता ने 50 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली है।अभिनेता को अपनी पिछली फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपये मिले थे। दिशा पटानी भी कल्कि 2989 ई. का हिस्सा हैं। ऐसा कहा जाता है कि अभिनेत्री फिल्म में अपने अभिनय के लिए 2 करोड़ रुपये कमा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनी है और 750 करोड़ रुपये की प्री-सेल्स पहले ही हो चुकी है।



## शादी है एक खूबसूरत मिलन

टीवी शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में नंदिनी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। उन्होंने कहा कि यह खूबसूरत मिलन के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है।उन्होंने आगे कहा, नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं। नंदिनी ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है, और अब उसे लगता है कि वह अपने नए परिवार के भीतर छिपी जटिलताओं को उजागर करने की कगार पर है।कुछ रीत जगत की ऐसी है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर सोमवार से शुक्रवार प्रसारित होता है।

## हॉरर कॉमेडी में धमाल मचाने पूरी तरह तैयार सनी लियोन

हॉरर कॉमेडी शैली के अंतर्गत आने वाली फिल्मों की अच्छी मांग है। जो लोग हॉरर और थ्रिलर तत्वों को पसंद करते हैं, और जो लोग मनोरंजन पसंद करते हैं वे भी उन्हें समान रूप से पसंद करेंगे। खैर, सनी लियोन आगामी हॉरर कॉमेडी में मंदिरा के रूप में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।विजन मूवी मेकर्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्देशन आर युवान कर रहे हैं। यह साई सुधाकर कोमलपति द्वारा निर्मित और कोमलपति श्रीधर द्वारा प्रस्तुत




किया गया है। अंतरिम तौर पर मेकर्स इस फिल्म का अपडेट लेकर आए हैं.मंदिरा से सनी लियोन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया। हालांकि वह रानी के रूप में खूबसूरत लगती हैं, लेकिन भूत के रूप में वह जो किरदार निभाती हैं वह दर्शकों को डराने वाला है। पोस्टर ने निश्चित रूप से फिल्म के प्रति उत्सुकता पैदा कर दी है।इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी. फिल्म यूनिट पोस्ट-प्रोडक्शन गतिविधियों में व्यस्त है। बाकी विवरण जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

राजधानी समाचार

अम्बिकापुर ,शुक्रवार 26 अप्रैल 2024



# छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान आज

## कुल 6,567 में से 458 मतदान केंद्र संवेदनशील,मोहला-मानपुर में 3 बजे तक ही वोटिंग



### संक्षिप्त खबर

### साधराम हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए



**राज्य में अब सीबीआई, एनआईए कर सकती है मामले की जांच**

**रायपुर,25अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय गृह सचिव को कबीरधाम ज़िले में हुए साधराम हत्याकांड की जांच एनआईए से कराने के लिए औपचारिक मगर अनिवार्य आग्रह पत्र भेज दिया है। यह पत्र राज्य सरकार ने 24 अप्रैल को भेजा है।

### बस्तर में लगे भूकंप के झटके




**रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर समेत कई शहरों में बुधवार रात 7 बजकर 58 मिनट और 8 बजकर 2 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों से दशहत में आए लोग घरों को छोड़कर बाहर निकल आए। हालांकि भूकंप से कहीं भी जानमाल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, भूकंप का असर महज कुछ सेकंड ही रहा, लेकिन भूकंप के कंपन से घबराकर लोग घरों से बाहर निकल गए। अधिकारियों की मानें तो रिएक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.6 रही। बता दें कि 4 साल पहले भी सुकमा और बस्तर में 4.0 की तीव्रता के झटके आए थे।

### मतदान के ठीक पूर्व नक्सलियों ने किया बंद का आव्हान

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज यानी 26 अप्रैल को होना है। जिसमें छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों कांकेर,महासमुंद और राजनांदगांव में मतदान होगा। वहीं मतदान के एक दिन पहले नक्सलियों ने पूरे बस्तर संभाग में बंद का आह्वान किया है। बता दें कि कांकेर जिले के हापाटोला के कलपर जंगल में 16 अप्रैल को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसके विरोध में आज बंद का आह्वान किया है। इसका थोड़ा असर कांकेर जिले के कुछ इलाकों में दिख रहा है। वहीं प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तैयार है। सभी पुलिस चौकियों को अलर्ट कर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पखांजूर बांदे से भानुप्रतापपुर तक आवागमन बंद है। इस मार्ग पर यात्री वाहन नहीं चल रहे हैं। हालांकि, वाहनों को चुनाव आयोग द्वारा अधिग्रहित करने के बाद पिछले दो दिनों से यात्री वाहनों की सड़क पर कमी थी पर आज पूरी तरह से यात्री वाहनों का चलना बंद है। दुर्गुकोंदल,बड़गांव जैसे क्षेत्र में बाजार अभी तक नहीं खुले हैं। इस क्षेत्र में संचालित होने वाली लौह अयस्क की खदानें में भी कार्य बंद कर दिया गया है। इससे कहा जा सकता है कि बंद का असर देखा जा रहा है. वहीं भानुप्रतापपुर का बाजार खुला हुआ है और आवागमन सामान्य दिनों की तरह चालू है। अंतागढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ाई ने बताया कि सुरक्षा के तमाम इंतजाम किए गए हैं और सभी थाना चौकी को अलर्ट किया गया है।

» दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

» इन 3 सीटों पर आज होगी वोटिंग

### छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान में इनके बीच होगा सीधा मुकाबला

राजनांदगांव की हाई-प्रोफाइल सीट पर सबकी नजर है। यहां से पूर्व सीएम भूपेश बघेल और सांसद संतोष पांडेय आमने-सामने हैं। वहीं महासमुंद में भाजपा की रूप कुमारी चौधरी और कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू में कड़ी टक्कर है। कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग और कांग्रेस के बिरेश ठाकुर के बीच सीधा मुकाबला होने वाला है। कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गजों समेत राष्ट्रीय नेताओं ने इन सीटों पर पूरा दम लगा दिया है। इन लोकसभा सीटों पर मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसलिए आयोग भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

**रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले ने मतदान केंद्रों से लेकर वोट देने का समय बताया है। दूसरे चरण के लिए चुनावी तैयारी की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की पीसी में दी गई है। सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले ने मतदान केंद्रों से लेकर वोट देने का समय बताया है। 26 अप्रैल यानी आज दूसरे चरण का मतदान राजनांदगांव, कांकेर, और महासमुंद में होने वाला है। जिसके लिए कुल 6,567 मतदान केंद्रों को बनाया गया है।

#### वोट देने का वक्त क्या रहेगा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि, तीनों लोस में कुल 52,84,938 मतदाता वोट देंगे। राजनांदगांव लोस के मोहला-मानपुर में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बाकि 7 विधानसभा में सुबह 7 शाम 6 बजे तक मतदान होने वाला है। महासमुंद में बिंद्रानवागढ़ के 9 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कांकेर के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, केशकाल में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होना है।

#### 458 क्रिटिकल मतदान केंद्र

रीना बाबा साहेब कंगाले ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों की जानकारी देते हुए कहा कि, तीनों लोकसभा में 458 संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। दूसरे चरण में कुल 330 संगवारी केंद्र बनाये गए हैं। 120 आदर्श मतदान केंद्र बनाये गए हैं। वहीं क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए 222 सुरक्षा बल तैनात है।

#### चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 4 कर्मचारियों पर गिरी गाज, जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सस्पेंड

लोकसभा चुनाव में बरती गई लापरवाही को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।मामला बालोद का है, जहां सामग्री वितरण में लगाई ड्यूटी में लापरवाही बरतने की शिकायत मिलने पर 4 कर्मचारियों निलंबित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चारों कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव सामग्री वितरण में लगाई गई थी। जहां कार्य के दौरान 4 कर्मचारियों ने लापरवाही बरती। इसकी शिकायत उप जिला निर्वाचन अधिकारी को मिलने पर सिविल सेवा अधिनियम की धाराओं के तहत तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने का आदेश दिया।

#### इन कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 देवनारायण राणा, डौंडीलोहारा में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 मिलाप रावटे, डौंडीलोहारा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 वीरेंद्र कुमार उइके, गुरुर में पदस्थ भृत्य पुष्पेंद्र सोनकर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### तीनों लोकसभा पर एक नजर

52.84 लाख से अधिक मतदाता तीनों लोकसभा में 41 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला।

15 प्रत्याशी राजनांदगांव में 17 महासमुंद और कांकेर में 9 प्रत्याशी हैं।

## जेईई मेन में छत्तीसगढ़ के छात्र ने भी मारी बाजी

### भाव्यांश ने टॉप लिस्ट में बनाई जगह




**रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेज और एनआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा जेईई मेन सेशन-2 रिजल्ट जारी कर दिया गया ।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ओवर ऑल, जेंडर वाइज और स्टेट वाइज टॉपर्स की लिस्ट जारी की है।इस बार के जेईई मेन में सबसे अधिक टॉपर तेलंगाना ने दिए हैं। हालांकि ऑल इंडिया नंबर-1 रैंक हासिल करने वाले नीलकृष्ण निर्मल कुमार और रैंक-2 पाने वाले संजय मिश्रा दोनों टॉपर महाराष्ट्र से हैं। जबकि हरियाणा के आरव भट्ट ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। छत्तीसगढ़ में भाव्यांश साहू ने टॉप किया है।इस बार 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने वाले कुल 56 कैंडिडेट्स हैं। जिसमें से अकेले 15 तेलंगाना के हैं,हालांकि इन 56 कैंडिडेट्स में सिर्फ दो लड़कियां हैं जिन्होंने 100 पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया है।साथ ही टॉप 10 लिस्ट में कोई लड़की शामिल नहीं है।




## हथियारबंद लोगों ने शराब दुकान से लूटा 30 लाख



**सुरक्षा व्यवस्था पर लगा प्रश्नचिन्ह**

**रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** जिले के सरहद क्षेत्र पाली थाना अंतर्गत बुधवार की देर रात हथियार के दम पर शराब दुकान में लूटपाट हो गई। पुलि ने अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह पर की जाने वाली जांच और चेकिंग के बीच अज्ञात लुटेरों ने इस दुस्साहस को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि पाली मुख्य बाजार से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित एवं नेशनल हाईवे से लगे हुए क्षेत्र में संचालित देशी शराब दुकान में रात 9 से 10 बजे के मध्य अज्ञात लोगों ने बंदूक की नोक पर करीब 30, 0000 (तीस लाख) शराब बिक्री की राशि लूट लिया है। वारदात के बाद लुटेरे वहां से भाग निकले। इसकी जानकारी होते ही पुलिस ने लुटेरों की धर पकड़ के लिए नाकाबंदी और सघन जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर पाली में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग गया है।

## बिलासपुर हाईकोर्ट के स्थायी जज बने जस्टिस राकेश मोहन पांडेय

» सुको ने जारी किए आदेश

» दो जजों को फिर से 1 साल एडिशनल जज के रूप में कार्य करने के निर्देश



**बिलासपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने बिलासपुर हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश मोहन पांडे को परमानेंट ( स्थायी) जस्टिस बनाने के आदेश जारी किए हैं। वे अब तक बतौर एडिशनल जज ( अतिरिक्त जज) के रूप में कार्यरत थें। वही जस्टिस सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल को फिर से एक साल बतौर एडिशनल जज कार्य करने के निर्देश कालेजियम के द्वारा दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट कॉलेजियम के द्वारा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को 22 नवंबर 2023 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एडिशनल जज के तौर पर काम कर रहे जस्टिस राकेश मोहन पांडेय को कन्फर्म जस्टिस और सचिन सिंह राजपूत तथा जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल को एडिशनल जस्टिस के तौर पर कंटिन्यू करने के लिए रिकमंडेशन भेजा था। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम के अध्यक्ष चीफ जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूर्ण, सदस्य जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के भी अभिमत जानें। जिसके बाद जस्टिस राकेश मोहन पांडेय को परमानेंट जस्टिस बनाने के आदेश जारी किए।

वही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट कॉलेजियम द्वारा एडिशनल जज के तौर पर कंटिन्यू करने के लिए रिकमेंड किए गए जस्टिस सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस राधा किशन अग्रवाल को उनके द्वारा दिए गए फैसलों का परीक्षण करने के बाद फिर से एक साल एडिशनल जज के तौर पर कार्यरत रहने का निर्देश जारी किया है। सचिन सिंह राजपूत को 16 मई 2024 और राधाकिशन अग्रवाल को 2 अगस्त 2024 से एडिशनल जज के तौर पर काम करने का फेस टर्म दिया गया है।

## गलती से चली गोली,डीआरजी जवान की मौत



**दंतेवाड़ा-रायपुर,25अप्रैल 2024(ए)।** दंतेवाड़ा-नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के 1 जवान की मौत हो गयी, जबकि 1 जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के, थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत हांदावाडा,हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर दिनांक 24 अप्रैल को दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान में निकली थी। इसी दौरान नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान रात लगभग 1100 बजें दुर्घटनावश गोली चलनसे डीआरजी दंतेवाड़ा के आरक्षक जोगराज कर्मा व आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)